# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती पर हुआ कार्यक्रम

2 लाख करोड़ लागत की औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन, इनसे 1.93 लाख सृजित होंगे रोजगार

### ग्वालियर के मेला मैदान में आयोजित 'अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा

# मप्र में निवेश फायदे का सौदा, कुछ राशि लगाएं और करोड़ों रुपए कमाएं



**अटल जी की भावपूर्ण तस्वीर ने मन मोहा**

मुख्य मंच पर सजी भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य एवं भावपूर्ण तस्वीर (पोट्रेट) ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। शाह व मुख्यमंत्री सहित मंचासीन गणमान्य अतिथियों ने इस चित्र के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाह को पराली से निर्मित अटलजी की आकर्षक प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। यह विशिष्ट एवं पर्यावरण-संवेदनशील कलाकृति नव उद्यमी शुभम सिंह की क्राफ्ट कंपनी द्वारा तैयार की गई है।

शाह ने मप्र में बीते दो साल में हुए औद्योगिक विकास पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक और निवेश पुस्तिका का विमोचन भी किया

*शाह ने कहा कि मप्र ने अपनी नई सोच, उद्यमशीलता, प्रगतिशील दृष्टिकोण और नवाचारों के माध्यम से विकास के ऐसे मानक स्थापित किए हैं, जिनका अनुसरण अब अन्य राज्य भी कर रहे*



विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मप्र सरकार ने अभिनव पहल की है। प्रदेश के क्षेत्रीय विकास और आर्थिक संतुलन में उद्योग एवं निवेश एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। यहां निवेश करना फायदे का सौदा है। उन्होंने युवाओं और निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि मप्र इतना ▸▸ शेष पेज 6 पर, ▸▸ पढ़ें पेज 05 भी

शाह ने प्रदेश में साइबर अपराधों को समुचित तरीके से हैंडल करने के लिए प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर की शुरूआत भी की, नई दिल्ली के बाद ऐसा करने वाला मप्र दूसरा राज्य




ई-जीरो एफआईआर की शुरूआत करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह

**मप्र आज अग्राणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा**

*केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब देश में सबसे तेज़ गति से विकास करने वाला राज्य बन गया है। मध्यप्रदेश ने अपनी नई सोच, उद्यमशीलता, प्रगतिशील दृष्टिकोण और नवाचारों के माध्यम से विकास के ऐसे मानक स्थापित किए हैं, जिनका अनुसरण अब अन्य राज्य भी कर रहे हैं। शाह ने कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और निःसंदेह यह तय है कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि में मध्यप्रदेश का योगदान सबसे बड़ा होगा। उन्होंने कहा कि यहां निवेश* ▸▸ शेष पेज 6 पर

**शाह ने की मुख्यमंत्री डॉ. यादव की तारीफ...**

### मोदी की परंपरा को डॉ. यादव ने आगे बढ़ाया

*शाह ने मध्यप्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए कहा कि देश में इंडस्ट्रियल समिट की शुरुआत नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में की थी। डॉ. यादव ने भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राज्य के संतुलित विकास के लिए रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव की* ▸▸ शेष पेज 6 पर

### राजा साहब सिंधिया कहते ही बज गईं तालियां

शाह के एक संबोधन ने उपस्थित लोगों को देर तक ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। दरअसल, भाषण के शुरू में ही लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को राजा साहब सिंधिया कहकर संबोधित किया और तालियां बज उठी।

◂ शाह ने सीएम डॉ. यादव की भूरि-भूरि प्रशंसा की, कहा-अब मोहन विकसित राज्य बना रहे

◂ निवेश में मप्र ने हासिल किया देश में तीसरा स्थान, देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान

**सीएम डॉ. यादव ने कहा**

## ग्रोथ समिट से औद्योगिक विस्तार को मिलेगी नई गति



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट से प्रदेश में औद्योगिक विस्तार को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह आयोजन प्रदेश के उज्जवल औद्योगिक भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को 'भारत का विकास और अवसरों का केंद्र' बताते हुए सभी निवेशकों से प्रदेश में निवेश जरूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आज उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल ▸▸ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### सांसद खेल महोत्सवः दूषित भोजन से 8 बच्चे बीमार



**पन्ना।** यहां सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में लापरवाही सामने आई। वितरित किया गया दूषित भोजन खाने से कटनी के 8 बच्चे बीमार हो गए। उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद हड़कंप मच गया। प्रशासन ने आनन-फानन में एम्बुलेंस के जरिए बच्चों को कटनी में भर्ती कराया।

### रेल यात्री ध्यान दें: आज से बढ़ जाएगा किराया



**नई दिल्ली।** आज शुक्रवार से रेल किराए में हुई वृद्धि लागू हो जाएगी। न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करते हुए किराया संरचना का युक्तिकरण करने का निर्णय लिया है। रेलवे मंत्रालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार,उपनगरीय रेल सेवाओं, सीजन टिकटों तथा 215 किमी तक की द्वितीय श्रेणी साधारण यात्रा के किराये में कोई वृद्धि नहीं की गई है। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी



घटना के बाद पुलिस ने की जांच

**सराफा बाजार में डकैतों का धावा**

## तमंचा, गुलेल और सब्बल चलाया, एक ज्वेलर के पिता को आया अटैक, हुई मौत

*सीसीटीवी तोड़े, 1 किलो चांदी और 3 तोला सोना ले गए*



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

राजगढ़ जिले के किला क्षेत्र स्थित सराफा बाजार में बुधवार रात 10-12 हथियारबंद डकैतों ने डकैती को अंजाम दिया। गुलेल, सब्बल और पिस्टल लेकर आए डकैतों ने दो ज्वेलरी शॉप के ताले तोड़े और लाखों का माल समेट लिया। वारदात के दौरान एक दुकान में सो रहे बुजुर्ग व्यापारी पर सब्बल से जानलेवा हमला भी किया। इतना ही नहीं, जब कुछ युवाओं ने हिम्मत दिखाकर बदमाशों का पीछा किया, तो उन पर फायरिंग की और ▸▸ शेष पेज 6 पर

**गुलेल का पत्थर लगने से आंख फूटी**

भागते समय उन्होंने एक बाइक चोरी कर ली। अमित मेवाड़े, कमल मेवाड़े और एक अन्य युवक ने उनका पीछा किया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने उन पर पिस्तौल से फायर कर दिया और गुलेल से पत्थर चलाए। गुलेल का पत्थर लगने से कमल मेवाड़े की आंख फूट गई, जबकि अमित की पीठ में चोट आई है। अमित ने एक बदमाश को ▸▸ शेष पेज 6 पर

**चाय के नाम पर गुमराह न हों, एफएसएसएआई का बड़ा फैसला**

## 'हर्बल टी' के नाम पर 'चाय' शब्द के इस्तेमाल पर लगाई सख्त रोक

हर्बल या फ्लॉवर अर्क से बने उत्पादों को चाय कहना उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




भारत में चाय सिर्फ एक पेय पदार्थ नहीं है, बल्कि यह करोड़ों लोगों के लिए एक भावना, एक आदत और दिन की नई शुरुआत का प्रतीक है। सुबह की पहली चुस्की से लेकर दफ्तर की थकान मिटाने वाली शाम की प्याली तक, चाय हर भारतीय घर का अभिन्न हिस्सा है। लेकिन क्या आप जानते ▸▸ शेष पेज 6 पर

**हर्बल और फ्लॉवर ड्रिंक्स का क्या होगा?**

बाजार में तेजी से बढ़ते वेलनेस सेगमेंट में शामिल हर्बल इंफ्यूजन, हिबिस्कस टी, ▸▸ शेष पेज 6 पर

**बेंगलुरु से शिवमोगा जा रही बस ट्रक से टकराई**

## स्लीपर बस में आग, सोते हुए 9 यात्रियों की जिंदा जलकर मौत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

**पीएम मोदी ने किया आर्थिक सहायता का ऐलान**



दुर्घटना के बाद जली हुई बस

कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में गुरुवार तड़के 3 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां पर एक स्लीपर प्राइवेट बस की टक्कर एक ट्रक (लॉरी) से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्लीपर बस में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 9 लोगों की जान गई है। ये बस बेंगलुरु से शिवमोगा जा रही थी। इस स्लीपर बस को 300 से अधिक किलोमीटर की यात्रा ▸▸ शेष पेज 6 पर

**दो बड़े समूहों पर ईडी के छापे**

## इंदौर,अहमदाबाद और मुंबई के 10 ठिकानों पर दबिश दी

करीब 500 करोड़ की धोखाधड़ी के सबूत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बैंकों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दो समूहों पर सर्चिंग ऑपरेशन चलाया। इंदौर के साथ-साथ अहमदाबाद और मुंबई में स्थित दोनों समूहों के दस्तावेज के साथ लाखों रुपए जब्त किए गए हैं। 400 से 500 करोड़ के आसपास धोखाधड़ी मामले में सर्चिंग की जानकारी सामने आई है। मंगलवार सुबह ईडी की टीमों ने एक साथ करीब 10 ठिकानों पर सर्चिंग की, जो देर रात तक जारी रही। सीबीआई ने पहले रुचि ग्रुप से जुड़े रहे उमेश शाहरा और अन्य के खिलाफ करोड़ों की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। ईडी इसमें पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। ईडी ने शाहरा के पलासिया स्थित निवास के साथ तीन कंपनियों और अन्य सहायकों के ठिकानों पर जांच की। एक टीम ने एस. कुमार्स ग्रुप के मुंबई और अहमदाबाद स्थित ठिकानों पर जांच की। जल्द ही संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई भी हो सकती है।

**सेना के जवानों को सोशल मीडिया इस्तेमाल की इजाजत**

5 साल पहले बैन लगाया था

## इंस्टाग्राम पर कमेंट की मनाही वॉट्सएप पर मैसेज कर सकेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



एआई इमेज

भारतीय सेना के जवान पांच साल बाद सोशल मीडिया एप्स फिर इस्तेमाल कर सकेंगे। 2020 में लगा बैन कुछ शर्तों के साथ हटा दिया गया है। नई गाइडलाइन के तहत जवान इंस्टाग्राम पर रील, फोटो और वीडियो देख सकेंगे, हालांकि कमेंट करने की अनुमति नहीं है। वॉट्सएप, टेलीग्राम जैसे एप्स पर गैर-गोपनीय जानकारी शेयर कर सकेंगे। इसके अलावा यूट्यूब और एक्स का इस्तेमाल केवल जानकारी के लिए किया जा सकेगा। वहीं, लिंक्डइन, स्काइप और सिग्नल एप के लिए भी नई गाइडलाइन जारी की गई है। दरअसल, 2020 में सरकार ने संवेदनशील सूचनाएं लीक होने के खतरे के चलते जवानों और अधिकारियों ▸▸ शेष पेज 6 पर




### 5 शहरों में पारा 3 से 6 डिग्री के बीच, भोपाल में डेढ़-डेढ़ डिग्री की आई गिरावट

नौगांव, खजुराहो में विजिबिलिटी 50 मीटर से कम

## अति घने कोहरे के बीच कड़ाके की सर्दी, दो दिन बाद और 'बढ़ेगी ठंड'

*ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, पचमढ़ी, राजगढ़ सहित आधा दर्जन शहरों में सुबह हल्के से मध्यम कोहरा छाया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में अभी मौसम के तेवर तीखे बने हुए हैं। कुछ जिलों में अति घने से घने कोहरे का असर जारी है, जबकि आधा दर्जन जिलों में हल्के से मध्यम कोहरे से आवागमन प्रभावित हो रहा है। दो दिन कुछ राहत के बाद एक बार फिर सर्दी में तेजी से बढ़त होगी।

नया सिस्टम 27 दिसंबर को सक्रिय हो रहा है, जो कमजोर है। लेकिन हवाएं उत्तरी रहने के साथ ही पहाड़ों पर बर्फबारी प्रदेश में सर्दी बढ़ाएगी। गुरुवार को नौगांव और खजुराहो में अति घना ▸▸ शेष पेज 6 पर



राजधानी की हमीदिया रोड, शाम 5:40 बजे का दृश्य

**कहां-कितना गिरा पारा?**

गुरुवार को भोपाल में दिन और रात के तापमान में क्रमशः 1.6 और 1.4 डिग्री की कमी आई। दिन का पारा 23.7 डिग्री रहा, जबकि रात का 8.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से करीब 2-2 डिग्री कम है। दतिया, गुना, खंडवा, रतलाम, दमोह और सीधी में दिन का पारा 2 डिग्री तक गिरकर औसतन 23 डिग्री तक रहा। ग्वालियर, गुना, श्योपुर, दतिया में पारा 3 से 4 डिग्री तक गिरा। सीधी, सागर, रीवा, सतना, खजुराहो में पारा 2 से 3 डिग्री तक कम होने से सर्दी का असर बढ़ा है। प्रदेश में शिवपुरी और ग्वालियर में सर्वाधिक 4-4 डिग्री की कमी आई है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू नगर साथा द्वारा गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजी हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रथ, ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन एवं जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। देवांशु कसाना ने बताया कि यह महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा नैतिक जागरण, संस्कार निर्माण एवं समाज में सकारात्मक चेतना के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। इस आयोजन में भारतीय संस्कार परंपरा अनुसार संस्कारों पर विशेष ज़ोर देते हुए ज्यादा से ज्यादा संस्कार निः शुल्क संपन्न कराए जाएंगे रोजान प्रज्ञा पुराण कथा एवं यज्ञ


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

कार्यक्रम आगामी 28 दिसंबर तक प्रतिदिन संपन्न होंगे। वहीं संतोष कसाना ने बताया कि नेहरू नगर की महिला शाखा द्वारा वर्ष भर आओ गढ़ूरें संस्कारवान पीढ़ी के अंतर्गत कराए गए पुंसवन संस्कार वाली बहने भी सम्मिलित होगी जो दूसरी बहनों को भी प्रेरित करेंगी।

## भागवत कथा से पहले निकली कलश यात्रा

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का राजधानी के हिनोतिया क्षेत्र में गुरुवार को शुभारंभ हो गया। कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिला श्रद्धालु 51 कलश सिर पर लेकर चलीं। वहीं, यात्रा में डीजे की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरके। इस दौरान मंत्री विश्वास सारंग भी यात्रा में शामिल हुए। इस सात दिवसीय आयोजन में व्यास पं. देवेंद्र चतुर्वेदी शास्त्री प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक कथा का वाचन करेंगे। शुक्रवार को शुकदेव जन्मकुंती एवं भीष्म स्तुति का प्रसंग कथा व्यास सुनाएंगे।


हिनोतिया में निकाली गई कलश यात्रा।

## डॉ. दीपक मेहता बने गोकाष्ठ समिति के संरक्षक

राजधानी में गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की कोर कमेटी की गुरुवार को एक निजी होटल में महत्वपूर्ण बैठक हुई। विगत आठ वर्षों में राजधानी भोपाल के प्रमुख विश्राम घाटों, होलिका दहन, लोहड़ी, हवन पूजन आदि में गोकाष्ठ के व्यापक स्तर पर इस्तेमाल और उससे गोमाता के संवर्धन/संरक्षण,जंगल तथा पर्यावरण संरक्षण पर विस्तृत चर्चा हुई। गोकाष्ठ समिति के समन्वयक मम्तेश शर्मा ने संरक्षक पद के लिए डॉ . दीपक मेहता का नाम प्रस्तावित किया और अध्यक्ष अरुण चौधरी सहित सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की। समिति के प्रमुख सलाहकार डॉ . योगेंद्र कुमार सक्सेना, हेमंत अजमेरा, प्रमोद चुग, अजय दुबे, प्रहलाद दास मंगल, सत्यनारायण बांगड़ और पांडुरंग नामदेव ने शॉल श्रीफल, फूल माला पहनाकर डॉ. दीपक मेहता का सम्मान किया।


डॉ. मेहता का सम्मान करते पदाधिकारी।

## खबर संक्षेप

### डेनेशिया डेंटल क्लीनिक ने सीजीएचएस डेंटल विभाग का किया उद्घाटन



**भोपाल।** डेनेशिया डेंटल क्लीनिक ने गुरुवार को सीजीएचएस डेंटल डिपार्टमेंट का उद्घाटन किया, जो पूर्ण रूप से केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनर हितग्राहियों एवं पेंशनर एसोसिएशन के गणमान्य नागरिक के लिए समर्पित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पेंशनर एमएल सिसोदिया और पद्मावती पटेल उपस्थित थे, जिन्होंने रिबन काटकर उद्घाटन किया।
इस अवसर पर सीजीएचएस की नोडल अफसर देविका इंगले ने बताया कि सभी केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनर हितग्राहियों के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर 9425157079 भी शुरू किया है, जो 24×7 उपलब्ध है। इस अवसर पर डेनेशिया डेंटल क्लिनिक की टीम ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया।

### प्रांतीय भूमिहार ब्राह्मण सेवा समिति का सम्मेलन

भोपाल। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पानी बचाओ, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ शहर का संकल्प लेते हुए प्रांतीय भूमिहार ब्राह्मण सेवा समिति का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। राजधानी के रत्नागिरी तिराहा स्थित तरुण पुष्कर मैरिज गार्डन में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में इंदौर, देवास, मंडीदीप, सीहोर, विदिशा, औबेदुल्लागंज, उज्जैन, जबलपुर होशंगाबाद सहित अन्य जिलों और कस्बों से भारी संख्या में प्रांतीय भूमिहार ब्राह्मण समाज के एक हजार से ज्यादा लोग मौजूद रहे।

### लोधा-लोधी समाज का हुआ परिचय सम्मेलन

**भोपाल।** राजधानी के मानस भवन में गुरुवार को लोधा-लोधी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें युवक-युवतियों ने जीवनसाथी चुनने के लिए मंच से परिचय दिया। समाज के पदधिकारियों का कहना है कि परिचय सम्मेलन से नए परिवारों को मिलने का मौका मिलता है।

## ईसाई समाज के अनुयायियों ने की विशेष आराधना, 'मैरी क्रिसमस' कहकर दी बधाइयां

# क्रिसमस पर रोशनी से सराबोर हुआ शहर प्रार्थना और कैरोल गीत से गूंजे घर-चर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्रिसमस पर्व पर गुरुवार को राजधानी उत्साह और उमंग से सराबोर रही। खासकर बच्चों में काफी उत्साह था। बच्चों के चहेते सांता क्लॉज ने बच्चों को टॉफियां केक और उपहार वितरित किए। सुबह 10 बजे से गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना, गीत गाए गए। बुधवार-गुरुवार की रात 12 बजे से क्रिसमस पर्व शुरू हुआ। गिरजाघरों में खुशियां छा गई और मेरी क्रिसमस की बधाइयां गूंजने लगी। क्रिसमस पर रोशनी से दमक रहे चर्चों में प्रार्थना, कैरोल गीत की आवाज गूंज उठी। समाजजन मैरी क्रिसमस कहकर एक-दूसरें को बधाई दी। गुरुवार की सुबह विशेष प्रार्थना एवं आराधना हुई। सेंट जॉन्स चर्च के फादर अनिल मार्टिन ने बताया कि गिरजाघरों में ईसाई समाज के अनुयायियों ने विशेष प्रार्थना की। इस दौरान प्रभु यीशु से देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की कामना की गई। सभी श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।


पंजाबी बाग के चर्च का दृश्य।


गोविंदपुरा स्थित चर्च का दृश्य।

### शहर की सड़कों पर सांता ड्रेस पहने लोग बच्चों को टॉफी बांटते आए नजर

क्रिसमस के मौके पर राजधानी में कई जगहों पर सांता ड्रेस पहने लोग बच्चों को टॉफी और मिठाई बांट नजर आए। तो वहीं राजधानी के बाजारों व मॉल में भी कई लोग सांता की ड्रेस में नजर आए।

### कैथोलिक चर्चो में सुबह हुई पवित्र मिस्सा

प्रभु यीशु के जन्मदिन यानी क्रिसमस पर कैथोलिक चर्चो में सुबह पवित्र मिस्सा के बाद एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर अपने प्रवचन में आर्चबिशप ने कहा कि प्रभु यीशु का खीस्त के दौरान जन्म इसलिए हुआ कि क्योंकि ईश्वर मानव को चाहता है, स्वाभाविक है कि जब हम किसी व्यक्ति से प्रेम करते हैं तो हम उसके निकट रहना चाहते हैं और हो सके तो उसके साथ रहना चाहते है। यीशु ने इस दुनिया में मानव के रूप में जन्म लिया ताकि यह रिश्ता फिर से जुड़ जाए। शहर के सेंट फ्रांसिस चर्च जहांगीराबाद, इनफेंट जीज्स चर्च अयोध्या बायपास, सेंट मेरी चर्च सेकंड स्टॉप, क्वीन मेरी चर्च कोलार रोड, सेंट पीटर मास्तोमा चर्च, सेंट थामस मलंकरा चर्च आदि में क्रिसमस पर विशेष प्रार्थना हुई।


गोविंदपुरा स्थित चर्च का दृश्य।

# स्टेशनों पर साहिबजादों की शहादत का किया स्मरण


एलईडी स्क्रीन पर दिखाई गई वीर साहबजादों की वीरता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पमरे जोन के भोपाल मंडल द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर साहिबजादों की अद्वितीय वीरता, साहस एवं शहादत का स्मरण दृश्य एवं श्रव्य माध्यमों के जरिए श्रद्धापूर्वक किया जा रहा है। इसी के तहत मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में स्टेशन परिसरों में एलईडी स्क्रीन, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली एवं सूचना पटल के माध्यम से साहिबजादों के बलिदान से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं का प्रसारण किया जा रहा है। इसके माध्यम से यात्रियों को कम आयु में धर्म, सत्य एवं मानवता की रक्षा हेतु दिए गए साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान से अवगत कराया जा रहा है।

### स्कूलों में आज मनाया जाएगा वीर बाल दिवस, चित्रकला, लेखन प्रतियोगिताएं होंगी

**भोपाल।** प्रदेश के स्कूलों में शुक्रवार को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल के बच्चों से इस दिन होने वाली गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान के संबंध में प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस बच्चों को सम्मानित करने के लिए समर्पित एक राष्ट्रीय उत्सव है।

## उपभोक्ता को जागरुक करने कार्यक्रम आयोजित

# डिजिटल ठगी का लगातार शिकार हो रहे लोग, इससे सावधान रहें: मुकेश


जागरुकता समारोह का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद समिति के तत्वावधान में राजधानी भोपाल के हिन्दी भवन में उपभोक्ता जागरुकता समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहें। उपभोक्ता संरक्षण परिषद समिति के मुख्य अतिथि बाल आयोग के पूर्व सदस्य और उपभोक्ता संरक्षण परिषद समिति के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष विभांशु जोशी ने उपभोक्ताओं के साथ हो रही डिजिटल ठगी को लेकर कहा कि हर क्षेत्र में आज आम उपभोक्ता ठकी का शिकार हो रहा है। हमें इसके लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। समिति के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश बंसल ने कहा कि वर्तमान समय में बाजार व्यवस्था जटिल होती जा रही है।

### बीयू: पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर विषय पर मानक लेखन प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार


बीयू में लेखन प्रतियोगिता।

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर विषय पर मानक लेखन प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में मानक क्लब का गठन किया गया था। इस क्लब के लगभग 13 छात्र-छात्राओं ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रायोजित मानक लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। शुरूआत में सबसे पहले भूविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं स्टैण्डर्ड क्लब की मेंटर डॉ. विनीशा सिंह द्वारा, बीआईएस के रिसोर्स पर्सन दीपिका गायकवाड स्वागत किया गया।

## एकत्रित हुए शिक्षक, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# ई-अटेंडेंस के नाम पर शिक्षकों को परेशान करने का लगाया आरोप, समाज में जा रहा इसका गलत संदेश


आंदोलनरत शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आंबेडकर पार्क में गुरुवार को प्रदेश के शिक्षकों का जमावड़ा रहा। शिक्षकों ने एकजुट होकर विभाग की नीतियों का विरोध किया तो सिस्टम पर सवाल उठाए।

आरोप लगाया गया कि जिन शिक्षकों द्वारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम अपनी मेहनत से दिया जा रहा है। आज उन्हीं को विभाग ई अटेंडेंस के नाम पर बदनाम कर रहा है। शिक्षकों का कहना है कि आज मध्य प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था प्रगति पर है। विभाग आंकड़ों और सार्वजनिक तौर पर यह स्वीकार कर रहा है। जब शिक्षा उन्नति की ओर है तो आखिर इसमें किसका योगदान है। यह शिक्षकों की ही मेहनत का परिणाम है। उसके बाद भी ई अटेंडेंस के नाम पर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है तो इसका समाज में भी गलत संदेश जा रहा है। इसलिए यह आंदोलन करना पड़ा है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि वर्षों से सेवा संबंधी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है।

### मेहनत से बदली है शिक्षा की तस्वीर


आंदोलनरत शिक्षक।

मध्य प्रदेश राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि प्रदेश में सरकारी विद्यालयों की तस्वीर बदली है। बुनियादी सुविधाओं से लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता तक सुधार हुआ है और दसवीं–बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में लगातार शासकीय विद्यालयों के छात्र अव्वल आ रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि सरकार ने उनसे अपेक्षाएं तो बढ़ाईं, लेकिन वषोज़् से लंबित समस्याओं पर ठोस निर्णय नहीं लिया। इसी क्रम में 25 दिसंबर को प्रदेश भर के राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक भोपाल के अंबेडकर पार्कमें धरना प्रदर्शन किया।

मतदाता सूची की शुद्धता के लिए
दावे अपत्ति प्रस्तुत करें
जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं

फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026

- निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को किया गया।
- प्रारूप निर्वाचक नामावली voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर भी उपलब्ध है। सर्वप्रथम अपना नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में जांचें।
- दावें आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि-23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक रहेगी।
- प्रत्येक कार्य दिवस में मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे।
- नाम जोड़ने, हटाने/आपत्ति करने, संशोधन के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।
- नाम जोड़ने के फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- यदि राज्य से बाहर से कोई स्थानांतरित होता है तो फॉर्म-8 के साथ भी घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- ऑफलाइन फॉर्म भरने पर BLO से पावती लेना न भूलें।
- दावे आपत्तियों का निराकरण तथा गणना पत्रक के आधार पर तैयार प्रारूप निर्वाचक नामावली की पात्रता की प्रविष्टियों की जांच के उपरांत कतिपय निर्वाचकों को नोटिस पर सुनवाई दिनांक 23.12.2025 से 14.02.2026 तक होगी।
- नोटिस तामीली के उपरांत नोटिस प्राप्तकर्ता को निर्धारित दिनांक, समय एवं नियत स्थान पर सुनवाई के लिए वांछित दस्तावेज की प्रति के साथ उपस्थित होना होगा।
- फॉर्म-6, फॉर्म-6A, फॉर्म-7, फॉर्म-8 वेबसाइट से, BLO से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।
- ऑनलाइन आवेदन सुविधा voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन कैसे करें?

ECINET App द्वारा
- ECINET App गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड करें
- अपना मोबाइल नम्बर और प्राप्त ओटीपी डालकर रजिस्टर करें।
- Voters Services सेक्शन पर जाएं
- Voters Registration पर क्लिक करें
- फार्म-6 घोषणा पत्र (Annexure-IV) के साथ भरें।

Voters Portal द्वारा
- https://voters.eci.gov.in पर जाएं
- मोबाइल नम्बर एवं प्राप्त OTP से Signup करें।
- New Voters Registration Tab पर क्लिक करें तथा फार्म-6 एवं घोषणा (Annexure-IV) भरें।

D-11174/25

"कोई मतदाता छूट न जाए"

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

4 कर्म श्री क्रिकेट टूर्नामेंट में मंत्रालय 11 ने जीता...



5 भाजपा प्रदेश कार्यालय में लगाई प्रदर्शनी...








# सब इंजीनियरों को मिला तहसीलदार का पावर, समझ रहे नागरिकता कानून की परिभाषा

## एसआईआर का ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद 30 इंजीनियर्स को सौंपा नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में 33 दिन चले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद जिले की सातों विस में नो मैपिंग वाले एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई का काम किया जाना है। जिसको लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय ने 89 अधिकारियों को एईआरओ नियुक्त करने का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा था, जिसमें 30 सहायक और सब इंजीनियर्स को एईआरओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि यह जिम्मेदारी तहसीलदार और जनपद सीईओ स्तर के अधिकारी को दी जाती है। जिसके तहत यह इंजीनियर्स नागरिकता कानून को लेकर सुनवाई करेंगे। इन्हें तहसीलदार स्तर की शकितयां दी गई हैं।

*आयोग ने जिले की छह विधानसभाओं में नियुक्त किए 89 एईआरओ*

*वोटर लिस्ट में नाम जुड़ा रहने के लिए पेश करना पड़ेंगे दस्तावेज*

### छह विधानसभा क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर सुनवाई



जिले की बैरसिया विधानसभा को छोड़कर अन्य छह विस में वार्ड स्तर पर सुनवाई की जाएगी। जिसके तहत उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा के लिए एईआरओ नियुक्त किए गए हैं। इन जगहों पर वार्डों के हिसाब से नियुक्ति की गई है। इन एईआरओ में 30 इंजीनियर स्तर के अधिकारी हैं, जिन्हें नागरिकता कानून की परिभाषा समझाई जा रही है, जिससे यह अधिकारी नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई कर सकें। अब यह अधिकारी ही तय करेंगे कि नो मैपिंग वाले किस मतदाता का नाम एसआईआर की फाइनल लिस्ट में बना रहेगा।

### इनको भी मिले अधिकार, मतदाताओं की करेंगे सुनवाई

आयोग ने सीडीपीओ महिला बाल विकास विभाग, जिला खनिज अधिकारी, हेंडीक्राफ्ट विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर, कृषि उपज मंडी के सचिव, पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर, कृषि विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर, मछली पालन विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर, उपायुक्त सहकारिता, पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर्स, जिला रोजगार अधिकारी, आयुष विभाग के जिला आयुष अधिकारी, असिस्टेंड कमर्शियल टैक्स ऑफीसर, ब्लॉक पंचायत अधिकारी और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी को अधिकार दिए गए हैं।

### नो मैपिंग वाले कहां,कितने मतदाता

जिले में एक लाख 16 हजार 925 लोगों को नो मैपिंग केटगरी में रखा गया है। जिसमें बैरसिया में दो हजार 134, उत्तर में दस हजार 80, नरेला 23 हजार 790, दक्षिण पश्चिम 16 हजार 596, मध्य में दस हजार 88, गोविंदपुरा 30 हजार 188 और हुजूर में 24 हजार 49 मतदाताओं को दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे।

### मैपिंग वाले मतदाता का नाम नो मैपिंग में डाला

23 दिसंबर को एसआईआर का ड्राफ्ट रोल जारी होने के साथ वोटर लिस्ट में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आई हैं। वार्डों के नाम बदलने, जीवित व्यक्ति को मृतक में शामिल करने, नो मैपिंग वाले वोटर की अलग से पहचान न होने और मतदान केंद्रों पर लिस्ट चस्पा नहीं करने से वोटर्स को दिक्कत झेलनी पड़ रही है। भोपाल डॉट एनआईसी डॉट पर डाली गई नो मैपिंग की लिस्ट में दक्षिण पश्चिम विस के बूथ नंबर 132 के मतदाता का नाम नो मैपिंग में डाला गया है। हालांकि बीएलओ का कहना है कि त्रुटिवश ऐसा हुआ है, जिसमें सुधार कर लिया जाएगा।

## अयोध्या बायपास किनारे के पेड़ काटे जाने से शहर के लोग नाराज

# आठ हजार पेड़ों को बचाने के लिए वृक्षों से चिपके लोग, मास्क पहनकर संरक्षण की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आसाराम चौराहे से रत्नागिरि तिराहे तक 16 किमी लंबे अयोध्या बायपास को दस लेन बनाने के लिए 7 हजार 871 पेड़ों को काटा जाएगा, जिसको लेकर पर्यावरण से जुड़े लोग इसका विरोध कर रहे हैं। बुधवार को नेशल ग्रीन ट्रिब्युनल ने इन पेड़ों की कटाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। जिसकी सुनवाई अब 8 जनवरी को की जाएगी। गुरुवार काकड़ा फार्म हाउस के पास इन पेड़ों को बचाने के लिए लोग सड़कों पर उतरे और मास्क पहनकर पेड़ों को बचाने की गुहार लगाई। लोगों ने काटे गए पेड़ों को श्रृद्धांजलि देकर अगरबत्ती भी लगाई।

प्रदर्शन के दौरान कई लोग अर्द्ध नग्न भी हो गए। सुभाष पांडे, उमाशंकर तिवारी, नितिन सक्सेना, सुयश कुलश्रेष्ठ, राशिद नूर समेत कई लोगों ने कहा कि जिन पेड़ों को एनएचएआई नगर निगम के जरिए काट रहा है, उनकी उम्र 40 से 80 साल तक है। भले ही 81 हजार पौधे रोपने का दावा किया जा रहा हो, लेकिन इन पौधों को पेड़ बनने में सालों लग जाएंगे। ऐसे में एनएचएआई 10 की बजाय सिक्सलेन बनाने पर जोर दें। जिससे हरियाली नहीं उजड़ेंगी और सड़क भी चौड़ी हो जाएगी।

*दस लेन सड़क को सिक्सलेन करने की मांग*

*एनजीटी ने भी लगाई रोक, 8 जनवरी को होगी अगली सुनवाई*

*सिक्स लेन मुख्य सड़क के साथ दोनों तरफ बनेंगे टूलेन सर्विस रोड*

### मुख्य सड़क 6 लेन, दोनों ओर बनेंगी दो-दो सर्विस लेन



यह सड़क दस लेन होगी। मुख्य सड़क सिक्सलेन होगी, जबकि इसके दोनों तरफ 2-2 लेन सर्विस रोड बनेगी। यह भी एनएचएआई ही बनाएगा। इससे कॉलोनी के लोगों को आने-जाने में आसानी होगी। दरअसल, यहां पर रोजाना 40 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। आसपास विकसित हो रही आवासीय कॉलोनियों से यातायात सीधे मुख्य मार्ग पर आने के कारण इस खंड पर यातायात दबाव बढ़ता जा रहा है। दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

### एनएचएआई लगाएगा शेड बेयरिंग प्रजाति के दस हजार पौधे

यहां के पेड़ काटने के बाद एनएचएआई 81 हजार नए पौधे लगाएगा। जिसके तहत अयोध्या बाइपास के दोनों तरफ 10 हजार पौधे लगेंगे। इनमें छाया, फलदार और शेड-बेयरिंग प्रजाति के पौधे शामिल हैं। इन पौधों की 15 साल एनएचएआई देखरेख करेगा। करीब 20 करोड़ रुपए खर्च आएगा।

### प्रोजेक्ट से मिलेगा फायदा

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर देवांश नुवल का कहना है कि यहां पर शहरी ट्रैफिक के अलावा विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम और इंदौर से आने-जाने वाला भारी ट्रैफिक चलता है। बायपास पर अक्सर जाम और हादसे होते हैं। छह लेन सड़क बनने से फायदा मिलेगा। इस लेन पर 3 बड़े फ्लाईओवर, करोंद, पीपुल्स मॉल और मीनाल के पास बनेंगे। इस प्रोजेक्ट की लागत 836 करोड़ 91 लाख रुपए है और 2 साल में काम पूरा होना है।



## जांच में पता चलेगा किस इंजेक्शन हुई मौत, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

# नर्स ने घातक इंजेक्शन लगाकर की खुदकुशी चार एमएल डोज लिया, खाली सिरिंज मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर में निजी अस्पताल की स्टाफ नर्स ने इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से इंजेक्शन का बाइल नहीं मिला है। लिहाजा यह कहना मुश्किल है कि उसने कौनसा इंजेक्शन इंजेक्ट (लगाकर) कर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल सकेगा कि किस इंजेक्शन का डोज लेने से उसकी मौत हुई है। परिजन ने आरोप लगाया है कि बेटी किसी युवक के साथ रिलेशन में थी और उक्त युवक की कहीं और शादी तय हो गई। इससे दुखी होकर उसने आत्महत्या की है।

पुलिस के अनुसार मेघा यादव पिता मायाराम यादव (30) सी सेक्टर कोलार, में रहती थी। वह मूलतः मालीखेड़ी, नर्मदापुरम की रहने वाली थी। मेघा कोलार के एक निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स थी। उसकी ड्यूटी कार्डियक यूनिट में थी। मंगलवार रात उसने ड्यूटी की और बुधवार की छुट्टी लेकर घर पहुंची। उसने अपने मुंह बोले भाई शिवराज को कॉल किया और कहा कि तीन बजे तैयार रहना, रानू के बर्थ-डे में चलना है।

### दोपहर तीन बजे नहीं किया कॉल रिसीव

शिवराज ने मेघा को कॉल किया, लेकिन मेघा ने कॉल रिसीव नहीं किया। वह मेघा के रूम पर पहुंचा। दरवाजा खटखटाने पर



मेघा की दोस्त ने दरवाजा खोला। वह सामने वाले कमरे में सो रही थी। शिवराज ने मेघा के बारे में पूछा और दोनों अंदर वाले कमरे में पहुंचे। वहां मेघा बेसुध मिली। शिवराज ने उसे उठाने का प्रयास किया। उसके शरीर में हलचल नहीं हो रही थी। चेहरे पर पानी छिड़का गया, लेकिन उसे होश नहीं आया। मेघा के अस्पताल में कॉल किया गया। वहां से कार्डियक यूनिट में काम करने वाले मेघा के सहकर्मी पहुंचे। वे उसे लेकर अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टर ने चेक करने पर मेघा को मृत घोषित कर दिया।

### सुबह 9 बजे मां से वीडियो कॉल पर की बात, भाई को ट्रांसफर किए रुपए

मेघा ने बुधवार सुबह मां से वीडियो कॉल पर बात की थी। बाद में अपने भाई के खाते में एक हजार रुपए ट्रांसफर किए। उसने मां से किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया था। हालांकि परिजन का कहना है कि मेघा नर्मदापुरम के एक युवक के साथ रिलेशन में थी। उससे शादी करना चाहती थी, लेकिन उक्त युवक ने कहीं और शादी जोड़ ली। इससे मेघा दुखी हो गई और उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

*आरटीओ ने डीलरों की ली बैठक*

# बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के पुराने वाहन बेचे तो होगी कारोबारियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में सेकंड हैंड वाहनों के क्रय-विक्रय से जुड़े कारोबारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। परिवहन आयुक्त के निदेशों के तहत बुलाई गई,इस बैठक में स्पष्ट किया गया कि अब पुराने वाहनों का कारोबार करने वाले व्यवसायियों को ट्रेड सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य होगा। इस दौरान आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि वाहन पोर्टल पर ट्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। इस प्रमाण पत्र के जरिए वाहन खरीदने और बेचने की प्रक्रिया न केवल आसान होगी, बल्कि इससे पूरा लेन-देन पारदर्शी और नियमों के दायरे में रहेगा। बैठक में केवल ट्रेड सर्टिफिकेट ही नहीं, बल्कि वाहनों की सुरक्षा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। व्यवसायियों को निर्देशित किया गया कि वे आम जनता को अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित करें और इसमें सहयोग प्रदान करें। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में चल रहे सेकंड हैंड गाड़ियों के कारोबार को सुव्यवस्थित करना और यह सुनिश्चित करना था कि सभी डीलर परिवहन नियमों का सख्ती से पालन करें।

## पुराने शहर में कई जगह रेंगता रहा ट्रैफिक

# मॉल में क्रिसमस पार्टीः उमड़ी भीड़, बोर्ड ऑफिस से मैदा मिल तक लगा जाम



बोर्ड ऑफिस चौराहे के पास जाम में फंसे सैकड़ों वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी गुरुवार को क्रिसमस के चलते बाजारों में लोगों की चहल-पहल है। दफ्तरों में छुट्टियों के चलते बाजारों में लोगों की जमकर भीड़ उमड़ी है तो वहीं एमपी नगर के एक मॉल में आयोजित क्रिसमस पार्टी की वजह से बोर्ड ऑफिस से मैदामिल वाली सड़क पर जाम लग गया। हालांकि यहां पर यातायात पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्था को पहले ही परिवर्तन किया था। लेकिन जिस रूट पर यातायात डायवर्ट किया। वहां पर वाहनों के दवाब के चलते भी जाम की स्थिति बन गई।

इसी तरह पुराने भोपाल नादरा बस स्टैंड,भोपाल स्टेशन रूट व बोट क्लब कमला पार्क आदि जगहों पर जाम की स्थिति देखने को मिली। कई चौक-चौराहों पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। सड़कों पर लंबा-लंबा जाम लग गया।

# बोर्ड परीक्षा ड्यूटी अब टाल नहीं सकेंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े शिक्षक और मंडल कर्मचारी अब परीक्षा कार्य से इंकार नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार ने बोर्ड परीक्षा से संबंधित सेवाओं को आवश्यक सेवा घोषित कर दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर एस्मा लागू किया गया है।

आदेश के मुताबिक मप्र अत्यावश्यक सेवाएं संधारण तथा विवाद निवारण अधिनियम (एस्मा) के तहत यह निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े सभी कार्य परीक्षा संचालन, पर्यवेक्षण, उत्तरपुस्तिकाओं का प्रबंधन, मूल्यांकन सहित अन्य जिम्मेदारियां अनिवार्य होंगी। सरकार ने यह व्यवस्था 1 फरवरी से 30 अप्रैल 2026 तक लागू की है । इस दौरान मंडल से संबद्ध शिक्षक व कर्मचारी परीक्षा ड्यूटी से बच नहीं सकेंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि एस्मा के बाद कार्य में बाधा डालना या ड्यूटी से मना करना कानून के उल्लंघन की श्रेणी में आएगा।

## मैन्युअल टिकटिंग और ग्रुप टिकट न मिलने से बने हालात

# मेट्रो टिकट न मिलने से 80 लोग बिना सफर लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेट्रो में गुरुवार को दोपहर के समय टिकट व्यवस्था को लेकर एम्स स्टेशन पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, जब एक जैन परिवार के करीब 80 सदस्यों को टिकट नहीं मिल सका। जिसके बाद सभी यात्रियों को बिना यात्रा किए ही वापस लौटना पड़ा। परिवार के सदस्यों का कहना है कि वे एक ही ट्रेन से यात्रा करना चाहते थे, लेकिन मेट्रो स्टेशन के टिकट काउंटर पर उन्हें ग्रुप टिकट देने से मना कर दिया गया। बताया गया कि फिलहाल मेट्रो में टिकटिंग व्यवस्था मैनुअल है, जिसके कारण एक-एक कर टिकट बनाने में काफी समय लग रहा था।

साकेत नगर निवासी संजय जैन ने बताया कि टिकट काउंटर पर भीड़ थी । मैनुअल प्रक्रिया के चलते टिकट मिलने में देर हो रही थी, जिससे यात्रियों में नाराजगी बढ़ती गई। स्थिति तब और बिगड़ गई, जब एक साथ टिकट नहीं बनने से स्टेशन पर हंगामे जैसे हालात बन गए। लोगों ने आरोप लगाया कि पर्याप्त स्टाफ और वैकल्पिक व्यवस्था न होने से उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा। कई बुजुर्ग और महिलाएं भी साथ थीं, जिन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ा।

### मेट्रो की सफाई-20 मिनट पहले पहुंचें



मेट्रो स्टेशन पर यात्रा नहीं कर पाने से हंगामा करते परिवारजन।

मामले की शिकायत आने के बाद मेट्रो रेल कारपोरेशन ने सफाई देते हुए कहा है कि अभी मेट्रो टिकटिंग मैन्युअल रूप से की जा रही है। कोई ग्रुप टिकट जारी नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में अगर कोई एक ही ग्रुप में 15-20 से ज्यादा यात्री एक ही ट्रेन में सफर करना चाहते हैं, तो ट्रेन निकलने से कम से कम 20 मिनट पहले काउंटर पर पहुंचकर टिकट लेना पड़ेगा।



## खबर संक्षेप



### वार्ड 12 में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर वार्ड 12 शिव मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा में राजेश महाराज के साथ विश्वनाथ पांडे संगत कर रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

### सूरजमल बने ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष



**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार के गुरु भाई और सहपाठी सूरजमल गौर ब्लॉक किसान कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इस उपलब्धि पर महेश जैन, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक, द्वारका पटेल, संजय सिंह चौहान, हरजीत सिंह मंगू, परेश नागर, राजू मेहरा, दुर्गेश यादव, पंकज शर्मा, पंकज नागरानी, मनोज खटीक, उत्तम यादव, संतोष सेन ने खुशी जाहिर की। इस अवसर ब्लॉक किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सूरजमल गौर ने कहा कि में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार के साथ गांव-गांव में कांग्रेस व किसान कांग्रेस को मजबूत करूंगा।

### 219 वाहन चालकों ने कराई नेत्रों की जांच



**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने लालघाटी चैराहे ज़ोन-3 पर गुरुवार को निःशुल्क दृष्टिदोष, नेत्र रोग एवं दंत रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डीसीपी ट्रैफिक जितेन्द्र सिंह पवार ने किया। शिविर में कुल 219 वाहन चालकों की दृष्टि दोष, नेत्र रोग एवं दंत रोगों की जांच की गई। जांच में 15 ड्राइवरों में मोतियाबिंद, 25 को रिफ्रेक्टिव एरर की शिकायत पाई गई। कमजोर दृष्टि वाले ड्राइवरों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि नेत्र रोगों से पीड़ति व्यक्तियों को आवश्यक आई-ड्रॉप्स प्रदान दिए गए। गंभीर नेत्र रोगों से पीड़ित ड्राइवरों को शीघ्र ही सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में उपचार प्रारंभ करने की सलाह दी गई। डीसीपी जितेन्द्र सिंह पवार ने कहा कि बिना आंखों के दुनिया अंधेरी है। सड़क सुरक्षा माह-2025 में 'परवाह' योजना के तहत सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया गया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 238 | 32 | 200 |
| रात: | 124 | 71 | 560 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 880 | 64 | 356 |
| रात: | 138 | 27 | 458 |

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ऋण प्राप्त करने वाले दोषियों को 4 वर्ष के कारावास की सजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निजी बैंक से व्यक्तिगत ऋण प्राप्त करने के मामले के आरोपी ओमप्रकाश पटेल उर्फ बंटी पटेल आत्मज रूप सिंह पटेल (40) निवासी पोस्ट वीतली सगरी तहसील करेली थाना सुआतला जिला नरसिंहपुर और राजू लोधी आत्मज देवी सिंह लोधी (37) निवासी झिरना मोहल्ला वरमान कला थाना वरमान चौकी जिला नरसिंहपुर को अपर सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास और 4000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

प्रकरण में अपर जिला लोक अभियोजक अनिल कुमार शुक्ला ने अभियोजन की ओर से पैरवी की थी। फरियादी एक्सिस बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि राहुल बादर ने 20 जून 2020 को थाना एमपी नगर भोपाल में शिकायत की थी कि आरोपियों ने उनकी ब्रांच से धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 2.29 लाख रुपए का व्यक्तिगत ऋण प्राप्त कर उसे हड़प लिया है। आरोपियों द्वारा बैंक में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की जांच कराए जाने पर वह दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं। थाना एमपी नगर ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ भादंसं की धारा-120 बी ,420, 468 एवं 471 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना के उपरांत प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### 25-25 हजार रुपए के अर्थदंड से किया दंडित

# लेपर्ड स्किन की तस्करी करने के दोषियों को 4 वर्ष का कारावास

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

प्रतिबंधित वन्य प्राणी लेपर्ड स्किन की तस्करी करने के आरोप में बिल्लौर सिंह सोलंकी और कैलाश सोलंकी निवासी खरगोन मप्र को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अग्नीन्ध्र कुमार द्विवेदी ने दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25-25 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। एसटीएफ की ओर से न्यायालय में पैरवी एडीपीओ विशेष लोक अभियोजक एसटीएफ सुधाविजय सिंह भदौरिया ने की थी।

अभियोजन के अनुसार वर्ष 2018 में थाना एसटीएफ ने प्रतिबंधित वन्य प्राणी लेपर्ड स्किन की तस्करी करने के आरोप में बिल्लौर सिंह सोलंकी और कैलाश सोलंकी निवासी खरगोन मप्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था।

# कर्म श्री क्रिकेट टूर्नामेंट में मंत्रालय 11 ने जीता टूर्नामेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

कर्म श्री, कप लेदर बॉल ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 का विधायक रामेश्वर शर्मा ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल उपस्थित हुए। टूर्नामेंट के अध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग ले रही हैं और एक महीने तक यह चलेगा। गुरुवार को मैच डीजीपी 11 एवं मंत्रालय 11 के बीच खेला गया। जिसमें मंत्रालय 11 ने विजय हासिल की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, विकास मारन,चंदू भैया, किशन अच्छानी, महेश खटवानी, शेट्टी चंदनानी, लवीन मनसुखानी आदि मौजूद थे।

### कार चालक खुद लेकर पहुंचा था घायल बच्चों को एम्स

# मासूम भाइयों की साइकिल को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

**दूसरा भाई घायल, शिवम के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में आई थी गंभीर चोटें**

**छोटे भाई विकास बंसल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित 2 सी-साकेत नगर में कार ने साइकिल चला रहे दो सगे मासूम भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार का चालक अपनी कार से दोनों को एम्स लेकर पहुंचा, वहां चेक करने के बाद डॉक्टर ने 8 साल के बड़े भाई को मृत घोषित कर दिया, जबकि छोटे भाई को चोट कम होने के कारण इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर कर दी है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से ग्राम तोड़ा तिरपदार थाना जेसी नगर जिला सागर निवासी रामविशाल बंसल (32) यहां 2 सी-साकेत नगर में किराए के मकान में परिवार के साथ रहते हैं और मजदूरी करते हैं। बुधवार 24 दिसंबर की सुबह वह पुताई करने चले गए थे। घर में पत्नी व बच्चे मौजूद थे।

शाम करीब 6 बजे मकान मालिक मनीष सोनी ने रामविशाल को कॉल कर बताया कि तुम्हारे बच्चों शिवम बंसल व विकास बंसल का 2 सी-साकेत नगर स्थित पंडित भीमसेन जोशी मल्टी के थोड़ा आगे कार से एक्सीडेंट हो गया है। दोनों घायल बच्चों को एम्स रवाना किया गया है।

सूचना मिलते ही रामविलाश अस्पताल पहुंचे। वहां पता चला कि कार क्रमांक एमपी 04 जेडएल 8228 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दोनों बच्चों को उस समय चपेट में ले लिया जब साइकिल चला रहे थे। उनके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थी।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने चेक करने के बाद शिवम बंसल (8) को मृत घोषित कर दिया जबकि उससे छोटे विकास बंसल को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि कार चालक अपूर्व कुमार सिंह दोनों घायल बच्चों को अपनी कार से एम्स लेकर पहुंचा था। सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई थी। आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार जब्त कर ली गई है।

### पानी के पाइप में घुसा था सांप, गाल पर काटा, मौत

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित गांव मुगालिया छाप में गुरुवार सुबह सर्पदंश से एक किसान की मौत हो गई। दरसअल, किसान खेत पर काम कर रहा था। खेत में पड़े पाइप को उसने उठाने का प्रयास किया। इस दौरान नीचे झुकते ही सांप ने किसान के गाल पर दाहिने तरफ काट लिया। किसान को परिजन आष्ठा स्थित मिशनरी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार गणपत माली पिता स्वर्गीय श्यामाजी माली (35) गांव मुगालिया छाप, रातीबड़ में रहता था। गुरुवार सुबह वह खेत पर काम करने गए थे। इस दौरान फसल पर पानी लगाने के लिए पानी का पाइप उठाने का प्रयास किया। तभी पाइप से निकलकर सांप ने उसके गाल पर काट लिया।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित चंबल इलाके में गुरुवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रामबाबू अहिरवार पिता हरिनारायण अहिरवार (44) झुग्गी नंबर-6, चंबल में रहता था और एमपी नगर की एक डेयरी में काम करता था। उसकी पत्नी की चार साल पहले मौत हो चुकी है। वह चंबल में अपने 14 साल के बेटे के साथ रह रहा था। उसके घर के सामने ही उसकी ससुराल है। गुरुवार सुबह बेटा ससुराल में नानी के पास था। इधर, घर पर रामबाबू अकेला था। सुबह करीब साढ़े दस बजे बेटा घर पहुंचा तो रामबाबू फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। ससुराल पक्ष के लोग उसे फंदे से उतारकर जय प्रकाश अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने चेक करने पर रामबाबू को मृत घोषित कर दिया।

### कोलार थाना क्षेत्र स्थित ललिता नगर में हुई वारदात

# इलाज कराने के लिए डेंटल क्लीनिक पहुंचे युवक ने डॉक्टर को पीटा, की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ललिता नगर में गुरुवार दोपहर इलाज कराने पहुंचे युवक ने अपनी साथी के साथ मिलकर डेंटिस्ट की पिटाई लगा दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने क्लीनिक के कांच भी तोड़ दिए। पुलिस ने डेंटिस्ट की शिकायत पर मारपीट और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार डॉक्टर मलिक उफा फारुख हक, कोहेफिजा में रहते हैं और डेंटिस्ट है। उनका ललिता नगर कोलार में क्लीनिक है। गुरुवार दोपहर वह क्लीनिक पर थे और मरीज देख रहे थे। इसी बीच वहां सौरभ यादव नामक युवक अपने साथी के साथ पहुंचा। उसने डॉक्टर से कहा कि पहले मुझे देख लो। डॉक्टर ने कहा कि दूसरे मरीज का नंबर लगा है। उसे देखने के बाद तुम्हारा इलाज करेगे। इस पर वह भड़क गया और बदतमीजी करने लगा। बदतमीजी बढ़ने पर डॉक्टर ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर डॉक्टर से मारपीट शुरू कर दी।

इतना ही नहीं उसने क्लीनिक के कांच तोड़ दिए। एक कहानी यह भी बताई जा रही है कि डॉक्टर द्वारा सौरभ के परिजन से बदतमीजी की गई थी। इससे गुस्साए सौरभ यादव ने डॉक्टर की पिटाई लगाते हुए क्लीनिक में तोड़फोड़ की है।

# क्रिकेट खेल रहे बच्चों के विवाद में निगरानी बदमाश ने तलवार लेकर मचाया गदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मंडी में क्रिकेट खेल रहे बच्चों के बीच हुए विवाद में परिजन भिड़ गए। दो पक्ष आमने-सामने आ गए। निगरानी बदमाश हुकुम सिंह तलवार निकालकर दूसरे पक्ष को मारने दौड़ा। हालांकि, लोगों ने उसे रोक लिया। उसके दोनों हाथ में तलवार थी। करीब 10 दिन मिनट तक बवाल चला। जहांगीराबाद पुलिस ने हुकुम सिंह पर मामला दर्ज किया है। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आया है। इसमें महिलाएं भी लाठी और डंडों से लैस नजर आ रही हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने लोगों को शांत कराया। एसीपी बिट्टू शर्मा ने बताया कि क्रिकेट खेल रहे बच्चों का विवाद हुआ था। बच्चों के विवाद में अभिभावक आमने-सामने आ गए। दोनों पक्ष एक ही समुदाय के हैं। हुकुम सिंह अभी फरार है। बतादें, सालभर पहले भी इस इलाके में दो समुदायों के बीच विवाद हो गया था। तनाव के हालात बनने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

# एसोसिएशन ऑफ भोपाल रियल्टर्स ने किया निःशक्तों को कंबल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी भोपाल में कड़ाके की ठंड के बीच फुटपाथों, झुग्गी बस्तियों तथा अस्पतालों में उपचाररत मरीजों के परिजनों को राहत प्रदान करने के लिए एसोसिएशन ऑफ भोपाल रियल्टर्स द्वारा निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया। सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता की भावना को समर्पित इस पहल का नेतृत्व सामाजिक सरोकार प्रमुख लव राजपाल ने किया। पुराने भोपाल बस स्टैंड, 1100 क्वार्टर्स क्षेत्र, एम्स हॉस्पिटल परिसर एवं आसपास के खुले आसमान के नीचे रहने वाले जरूरतमंदों तक पहुंचकर सदस्यों ने कंबल वितरित किए।

### भाजपा ने बूथों पर किया आयोजन

# पूर्व पीएम अटलजी को याद कर अर्पित की श्रद्धांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते अग्रवाल व पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई। विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में बूथों पर आयोजन किया गया।

भाजपा मंडल महामंत्री अमित जैन ने बताया कि बूथों पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, जिला महामंत्री दीपेन्द्र पाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविन्द्र जैन, प्रेम शंकर साहू, जिला मंत्री प्रार्थना चौहान, पूजा मिश्रा, मंडल महामंत्री राजेश भवरे, रेखा पाल, अमरसिंह पाल, नपा पार्षद शुभम राजपूत, निर्मला राजपूत, पंचम अहिरवार, दौलत इक्के, विनोद चौकसे, घनश्याम गोस्वामी आदि पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित किए।

### गिरधर स्कूल में वार्षिक महोत्सव

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर स्टूडेंट्स ने जीत लिया मन



गिरधर पब्लिक स्कूल के वार्षिक महोत्सव में डांस की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।


हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

गिरधर पब्लिक स्कूल में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला महामंत्री रायसेन डॉ. दीपेंद्र पाल उपस्थित रहे।

महोत्सव में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन जीत लिया। अभिभावकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था थी। कार्यक्रम में बद्री सिंह चौहान (दादा भाई), पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा जैन, महेंद्र मैथिल, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण पवन श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष शहरी रघुनाथ पाटीदार अध्यक्ष, मनोज पाटीदार उपाध्यक्ष, अरविंद पाटीदार सचिव, नीलेश पाण्डेय प्रबंध संचालक एवं सरिता हजारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

**बड़ी संख्या में अनुयायियों ने स्वामी भगत प्रकाश महाराज के दर्शन कर स्वागत किया**

# मनुष्य के अंदर मन एक है लेकिन दिशाएं दो हैं : भगत





स्वामी भगत प्रकाश महाराज प्रवचन देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

श्री प्रेम प्रकाश मंडलाध्यक्ष पूज्य गुरुवर स्वामी भगतप्रकाश महाराज (अमरापुर) अपनी संत मंडली साईं डालूराम, साईं हरीओम, कमल साईं, साईं हरदास के साथ गुरुवार को बैरागढ़ पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में अनुयायियों ने महाराज के दर्शन कर स्वागत किया। इसके बाद शाम 5 बजे स्वामी भगत प्रकाश महाराज द्वारा दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में अमृतमयी वचनों की वर्षा की।

स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने कहा कि मनुष्य के अंदर मन एक है, लेकिन दिशाएं दो है। एक सुख मार्ग और दूसरा दुख मार्ग। एक मार्ग ऐसा है जिसमें दुनिया के विषय विकार होते है, जिनमें पहले सुख दिखाई देता है, लेकिन बाद में उसका परिणाम दुखदायी होता है और दूसरा मार्ग है भक्ति का, नाम सिमरन का, जिसमें पहले तकलीफ और दुख जरूर दिखाई देती है, लेकिन अंत में उसका परिणाम सुखरूप होता है। ठीक वैसे ही रेगिस्तान में रेत में जब सूरज की किरने पड़ती है, तो वह ऐसे प्रतीत होती है जैसे पानी की धारा है। जंगल में रहने वाले पशु पक्षी पानी समझकर उसे पीने जाते हैं, तो वे चलते जाते हैं पर उन्हें पानी नहीं मिलता है।

मनुष्य की यही सोच होती है कि मेरी यह इच्छा पूरी हो जाए तो सब ठीक हो जाएगा, लेकिन एक इच्छा पूरी होने पर दूसरी इच्छा जागृत हो जाती है। मनुष्य चोला ऐसा चोला है जिसके लिए देवता भी तरसते है क्योंकि गुरु की भक्ति करने का अवसर मनुष्य चोले में ही मिलता है और गुरु की भक्ति करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है साथ ही परम आनन्द की भी प्राप्ति होती है। सत्संग कार्यक्रम में प्रवक्ता बसंत चेलानी एवं आश्रम के सेवाधारी नारायणदास लालवानी, राजकुमार झमटानी, अर्जुन बेलानी, मनोहर लालवानी, सतीष धर्मानी, प्रभुदास, कन्हैयालाल शीतलानी, दयालदास चंगलानी विष्णु गेहानी, हरीश मोटवानी, मोहन भूरानी, महेश प्रियानी, लक्ष्मण बेलानी, रामचंद रायचंदानी, गिरधारी झमटानी आदि लोग मौजूद थे।

### विधायक पटवा ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन, भाजपा ने जगह-जगह किए आयोजन

# किसी ने साथ बिताए पल साझा कर तो किसी ने कविताओं से दी अटलजी को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने उन्हें याद करते हुए उनकी श्रद्धासुमन अर्पित किए। पटवा ने कहा कि अटलजी ने सुशासन की स्थापना कर एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है।

विषम से विषम परिस्थितियों में आर्थिक विकास और राष्ट्रीय कल्याण की योजनाएं प्रारंभ की। प्रधानमंत्री के रूप में अटलजी का संपूर्ण कार्यकाल सुशासन के आधार पर समर्पित रहा। पटवा ने बताया कि 1995 में विदिशा भोजपुर से अटलजी ने लोकसभा का चुनाव लड़ा, उस समय मंडीदीप औबेदुल्लागंज, बाड़ी, सुल्तानपुर में अटलजी की सभाएं हुई, तब पद्म विभूषित, पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा पूरे क्षेत्र में उनके साथ रहे।



ओबैदुल्लागंज में 1995 में हुई आम सभा में वाजपेयी एवं पटवा



विधायक सुरेंद्र पटवा

### पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा राष्ट्र

पटवा ने बताया कि भोजपुर क्षेत्र पर वाजपेयी, सुषमा स्वराज का विशेष आशीर्वाद था। अटलजी ने भाजपा की स्थापना से लेकर नए भारत के निर्माण के लिए निःस्वार्थ भावना से सेवा की। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का सदैव स्मरण किया जाएगा। अपने स्वभाव के कारण अटलजी जनमानस के लिए श्रद्धेय बने रहेंगे। पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ता राष्ट्र अटलजी की आधुनिक दृष्टि का आधुनिक और सशक्त विस्तार है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

### रामकिशोर ने अटलजी के साथ की यादें ताजा

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्व सडा अध्यक्ष, मीसाबंदी रामकिशोर शर्मा ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। उन्होंने 1995 में औबेदुल्लागंज आए अटल बिहारी वाजपेयी के साथ में हुए कार्यक्रम की यादों को साझा किया।



ओबैदुल्लागंज में 1995 में हुई सभा में वाजपेयी एवं शर्मा

### भारत रत्न वाजपेयी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

वार्ड 13 के बूथ 121 निवास स्थल पर वाजपेयी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी नीरज चावला ने अटलजी की कविता हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा का पाठ कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र सिंह राजू, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, विक्रम धाड़ी, महेंद्र चौहान, रामकिशोर नंदवंशी, मनोज चौरसिया, सपना रैकवार, माया राय, हेमलता चौरसिया, माधव यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन आदि ने किए।



वार्ड 13 के बूथ 121 निवास स्थल पर पूर्व पीएम अटलजी को श्रद्धांजलि दी गई

### अटलजी की याद में किया कविता पाठ

भाजपा विधायक कार्यालय में बूथ 120 पर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, वरिष्ठ नरेंद्र शर्मा, माया राय, सपना रैकवार, उमाशंकर गौर, कोमल चौहान, महेंद्र चौहान, माधव यादव, विक्रम यादव आदि ने पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उनका स्मरण कर कविता पाठ किया गया।



भाजपा विधायक कार्यालय में अटलजी को श्रद्धासुमन अर्पित करते डॉ. नागर और अन्य पदाधिकारी।

## मुख्यमंत्री ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को नमन कर अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा दफ्तर में जमकर जश्न मना कर उन्हें याद किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 101 जन्मोत्सव पर पूरा देश उनके योगदान को याद कर रहा है। बहुत ही सादगी के साथ उन्होंने जीवन जिया है। उन्होंने बाल्यकाल से लेकर अपनी एक पहचान बनाई। राष्ट्र के लिए पूरा जीवन दे दिया। अटलजी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक की भूमिका निभाते रहे। लोकनायक और जननायक की भूमिका में भी अटल को याद किया जाएगा।


पूर्व पीएम अटलजी को नमन करते सीएम डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल, मंत्री सारंग और सासंद शर्मा समेत भाजपा पदाधिकारी।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में लगाई प्रदर्शनी: सीएम डॉ. यादव ने कहा, अटलजी ने राष्ट्र के लिए समर्पित किया अपना पूरा जीवन

### अटलजी की बात इतिहास में दर्ज है: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि अटलजी की कही गई हर बात इतिहास में दर्ज है। आज के दिन हम सब उनको याद कर रहे हैं। वह स्पष्टवादी नेता थे। उनके बताए गए बातों पर हर नागरिक चलेगा। जियो और जीने दो के सिद्धांत को हम लागू कर रहे हैं। पोखरण में परमाणु विस्फोट करके दिखाने वाला मामला हो या फिर पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ाने का मामला हो, अटलजी को इन तमाम विषयों के लिए याद किया जाएगा।


प्रदर्शनी में अटलजी की तस्वीरों को देखते सीएम समेत भाजपा पदाधिकारी।

### जिलाध्यक्ष यति, सांसद शर्मा ने अटलजी की जयंती पर नमन कर अर्पित की श्रद्धांजलि

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर भाजपा जिला भोपाल द्वारा शौर्य स्मारक चौराहा, एमपी नगर स्थित अटलजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि अटलजी राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक थे। उनका संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता और विकास को समर्पित रहा। अटलजी के विचार आज भी देश को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा को महात्मा गांधी से चिढ़ क्यों: पटेल

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व पंचायत मंत्री कमलेश्वर पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के नाम बदलने को लेकर कहा कि यह केवल नाम बदलने की राजनीति नहीं, बल्कि महात्मा गांधी और भगवान राम दोनों के नाम का राजनीतिक दुरुपयोग है। पटेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पंचायत विभाग में महात्मा गांधी ग्राम सेवा केंद्र शुरू किया था, लेकिन भाजपा सरकार ने उसका नाम बदलकर अटल ई-सेवा केन्द्र कर दिया। कमलेश्वर ने पूछा कि भाजपा को महात्मा गांधी से इतनी चिढ़ क्यों है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जिसे 2005 में यूपीए सरकार ने लागू किया था, उसका नाम बदलकर जीरामजी कर दिया गया। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा- आपने जो नाम रखा है, उसका पूरा नाम बताइए। आधा-अधूरा नाम रखकर जनता को गुमराह क्यों किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने लिया सरकार बनाने का संकल्प



**भोपाल।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के निर्देश पर कोलार कांग्रेस कमेटी द्वारा वार्ड 81 के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कान्हाकुंज कम्युनिटी हॉल में आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त ब्लॉक कोलार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर अन्याय के विरोध में लड़ने का निर्णय लेकर वर्ष 2028 में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया। राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हो रहे अन्याय के विरोध में पूरी ताकत से सरकार के विरोध में लड़ाई लड़ी जाएगी और आमजनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने कोलार कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सभी वार्ड एवं हर बूथ पर जाएंगे। राठौर ने बताया कि शनिवार को वार्ड 82 में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### नाथ ने 27 लाख किसानों के आंकड़े किए जारी

**भोपाल।** एमपी के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को भोपाल में सहकारी बैंकों की खराब आर्थिक स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ सरकार की किसान कर्जमाफी को जिम्मेदार बताया था। सारंग ने कहा था कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार में किसानों के ऋण माफी की फर्जी योजना लागू की गई। मंत्री विश्वास के बयान पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने कर्जमाफी के जिलेवार आंकड़े शेयर करते हुए पलटवार किया। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार के मंत्री विश्वास ने मेरी सरकार के दौरान हुई किसान कर्ज माफी को लेकर झूठ बोला है। इसके लिए उन्हें जनता से माफी मांगनी चाहिए। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकार में मैंने सबसे पहला काम किसानों की कर्जमाफी का किया था। कांग्रेस सरकार ने दो चरणों में 26, 95, 381 किसानों का 11,646.96 करोड़ रुपया का कर्ज माफ किया।

### केंद्र सरकार की ओर से प्रारंभ की जा रही हैं वृहद स्तर पर प्रयोगशालाएं

# विंध्य के किसानों के लिए बनेगा मार्गदर्शक बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्प: शाह

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्प विंध्य के किसानों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। रीवा में बसावन मामा गोवंश वन्य विहार के रूप में अनुकरणीय प्रकल्प तैयार किया गया है। यहां गोबर से बने खाद से प्राकृतिक खेती की जा रही है। एक एकड़ में सवा लाख रुपए की आय देने का यह प्रयोग छोटे किसानों को बड़ा लाभ प्रदान करेगा। किसान इस मॉडल को अपनाएंगे तो उनकी आय बढ़ेगी।

राज्य सरकार प्रगतिशील किसानों को इस परंपरागत मॉडल से अवगत कराने के लिए उनका भ्रमण कराए। शाह रीवा में बसामन मामा गो वन्य विहार अभयारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ कर कृषक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के किसानों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा समन्वित तरीके से सतत समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूध के उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक किया जाएगा। शाह और डॉ. यादव ने हितग्राहियों को हितलाभ एवं संकल्प पत्रों को वितरण किया।

### शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता से किसानों की बढ़ा रहे हैं आय

**शाह और डॉ. यादव ने रीवा में कृषक सम्मेलन को किया संबोधित**


केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रीवा सेमरिया में कृषक सम्मेलन को संबोधित किया।

### पीपल के पौधे रोपित करने का संकल्प लें: केंद्रीय गृह मंत्री

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि प्रकृति की अनेक प्रकार से सेवा हो सकती है। हमें बसावन मामा की स्मृति में पीपल के पौधे रोपित करने का संकल्प लेना चाहिए। दुनिया से चले जाने के बाद भी यह पीपल वृक्ष लोगों को ऑक्सीजन देता रहेगा। पीपल का वृक्ष लगाना पुण्य कार्य है, जिसमें स्वयं भगवान विष्णु का वास होता है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में प्राकृतिक खेती का बड़ा बाजार है। आर्गेनिक अनाज खाने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। भूमि परीक्षण से सर्टिफिकेशन, उपज का परीक्षण, बेहतर पैकेजिंग और मार्केटिंग किसानों को उपज का बेहतर मूल्य दिलाएंगी। हम किसानों की आय को बढ़ाने के लिए समुचित प्रयास प्राथमिकता से कर रहे हैं।

### रासायनिक खाद और बढ़ते कीटनाशकों के प्रयोग पर चिंता, प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रेरित

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि एक देशी गाय से 21 एकड़ रकबे में प्राकृतिक खेती होती है। किसान ही अन्नदाता है। अन्नदाता को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने के साथ ही प्रोत्साहित करने के समग्र प्रयास हम सबको समन्वित तरीके से करना है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अनाज के उत्पादन में रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण कई तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि हम सभी प्राकृतिक के संवर्धन में अपना योगदान दें। मैंने स्वयं अपने खेतों में प्राकृतिक खेती को अपनाया है।



### प्राकृतिक खेती के लिए सहभागिता करने का आह्वान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषकों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बसावन मामा गोवंश वन्य विहार के भ्रमण के दौरान केंद्रीय मंत्री शाह द्वारा 35 साल पहले गुजरात में जैविक खेती संवर्धन के लिए जानकारी मिली। राज्य सरकार इसे आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं रखेगी। केंद्रीय मंत्री शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता से किसानों की आय बढ़ाई जा रही है।

### 9 हजार से अधिक गोमाताओं ने शाह को बुलाया

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि गोशाला की 9 हजार से अधिक गोमाताओं ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को बुलाया है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गोमाता के गोबर से खाद बनाकर प्राकृतिक खेती की जा सकती है। जब धरती माता और नागरिक स्वस्थ होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर और समृद्ध होगा। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर रीवा में कृषक और सहकारिता सम्मेलन का आयोजन स्व वाजपेयी के रीवा के प्रति लगाव के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है।



### हिंदी विवि का दीक्षांत समारोह में स्नातक 60 स्नातकोत्तर 68 अनुपस्थित 42 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने की घोषणा


छात्र को उपाधि प्रदान करते राज्यपाल पटेल।

# सत्य बोलना और धर्म पालन के मूल्य ही वास्तविक पूंजी : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सत्य बोलने और धर्म का पालन करने वाले को जीवन में कोई दिक्कत नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यह जीवन मूल्य ही व्यक्ति की वास्तविक पूंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी होने का सौभाग्य मिला है। भावी जीवन में माता-पिता, गुरुजन, समाज और राष्ट्र की सेवा का भाव कम नहीं होने दीजिएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की है कि वे विश्वविद्यालय से प्राप्त संस्कारों और अनुभवों से वंचित वर्गों और पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य निरन्तर करते रहेंगे।

पटेल गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत अवसर पर स्नातक के 60, स्नातकोत्तर के 68 और अनुपस्थित 42 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मप्र के प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कन्हारे ने कहा कि वह अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व के गुणों से प्रेरणा लें।

### हिन्दी को वैश्विक संवाद का माध्यम माना

हिन्दी विवि के पूर्व कुलपति पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनलाल छीपा ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने हिन्दी को केवल साहित्य की भाषा नहीं माना। हिन्दी को ज्ञान-विज्ञान शासन और वैश्विक संवाद का माध्यम माना। हिन्दी विश्वविद्यालय का भी यही उद्देश्य है। उन्होंने विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की उपाधि समाज के प्रति दायित्व की घोषणा है। विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वह ज्ञान को जन भाषा में और जन भाषा को ज्ञान में उतारने को संकल्प बनाएं। कुलगुरु देव आनन्द हिण्डोलिया ने बताया कि विवि भारतीय शिक्षा मूल्यों के साथ हिन्दी के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने विद्यार्थियों को दीक्षांत शपथ ग्रहण कराई। आभार प्रदर्शन कुलसचिव शैलेन्द्र कुमार जैन ने किया।

# 2-3 जनवरी को भोपाल में रहेंगे आरएसएस प्रमुख भागवत, युवा संवाद व प्रबुद्धजनों से करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल की शुरूआत मध्यप्रदेश में राजनीतिक और वैचारिक गतिविधियों के साथ होने जा रही है। राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चार बड़े कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिनमें संघ प्रमुख मोहन भागवत समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद करेंगे। वहीं, प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा कटनी में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे। नए साल की शुरूआत में आरएसएस चार बड़े वैचारिक और सामाजिक संवाद कार्यक्रमों करने जा रहा है। 2 और 3 जनवरी को आयोजित इन कार्यक्रमों में संघ प्रमुख (सरसंघचालक) मोहन भागवत समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद करेंगे। इन आयोजनों के माध्यम से संघ अपने 100 वर्ष पूरे होने के बाद देश और समाज के लिए भविष्य की दिशा और भूमिका को सार्वजनिक रूप से सामने रखेगा। संघ के कार्यक्रमों की शुरूआत 2 जनवरी को होगी। इस दिन दो प्रमुख आयोजन होंगे। पहला युवा संवाद, जिसमें मोहन भागवत भारत को विश्व पटल पर संगठित, सशक्त और समर्थ राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में युवाओं की भूमिका पर अपना व्याख्यान देंगे। इस संवाद की विशेषता यह होगी कि भागवत युवाओं के सवालों के सीधे जवाब भी देंगे। इसी दिन प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्य भारत प्रांत ग्वालियर, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग से एक हजार अधिक प्रतिष्ठित, प्रभावशाली और समाज के अग्रणी लोगों को आमंत्रित किया गया है।



### जेपी नड्डा शनिवार को कटनी आएंगे

इधर, शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा कटनी में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे। पांच दिन पहले जेपी नड्डा ने बैतूल और धार में पीपीपी मोड पर बनने वाले मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन किया था। रविवार को जबलपुर में मराठी समाज के एक शैक्षणिक समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस शामिल होंगे।

# एनएच के लिए अब सीएम खुद करेंगे केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी से 5 जनवरी को चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय सरकार के द्वारा मध्यप्रदेश के दस राजमार्गों के लिए भूमि अधिग्रहण और वन विभाग की हरी झंडी न मिलने के कारण शुरू निर्माण नहीं शुरू हो पाया है। इन मार्गों के प्रस्ताव पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पहले ही मंजूरी दी थी, लेकिन अफसरों की सुस्ती के कारण इस मामले में निराकरण नहीं हो पाया। इस संबंध में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर 5 जनवरी 2026 को एक बैठक बुलाने के लिए कहा है।

पत्र के माध्यम से सड़कों की जानकारी दी गई है, जिनका निर्माण-कार्य अड़चनों के कारण नहीं शुरू हो पाया है। जानकारी के अनुसार, बैठक में माना जा रहा है कि सीएम डॉ. मोहन यादव स्वीकृत सड़क समेत कई अन्य प्रस्तावित नेशनल हाईवे की भी चर्चा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से कर सकते हैं। इस बैठक के बाद राजमार्गों के अटके हुए कामों को मंजूरी मिल सकती है।

### इन 10 राजमार्गों के लिए होगी चर्चा

- ओरछा, टीकमगढ़, शाहगढ़ एनएच 539 टू लेन
- टीकमगढ़, बड़गांव, घुवारा, शाहगढ़ टू लेन एनएच 539 मार्ग
- शाहगढ़, बक्सवाहा, नरसिंहगढ़, दमोह एनएच 34 मार्ग
- सेंधवा से खेतिया एनएच 752 जी मार्ग
- चंदेरी, पिछोर एनएच 346 मार्ग
- श्यामपुर से सबलगढ़ एनएच 552 मार्ग
- (कूनो नेशनल पार्क रास्ते में आने के कारण टेंडर निरस्त)
- अम्बुआ से दाहोद एनएच 56 मार्ग
- मुलताई से महाराष्ट्र बार्डर एनएच 347 ए मार्ग

### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में मध्यप्रदेश अव्वल: केंद्रीय मंत्री सिंधिया

# मध्यप्रदेश लघु एवं कुटीर उद्योग में बनने जा रहा देश का कॉटेज इंडस्ट्री हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर गुरुवार को ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह मध्यप्रदेश के अभ्युदय का समय है। ग्वालियर की धरती से आज प्रदेश के विकास को एक गति मिली है। उन्होंने ग्वालियर आए निवेशकों एवं उद्योगपतियों से कहा कि यह प्रदेश का प्रवेश द्वार है। स्व. अटल जैसे मूर्धन्य राजनेता देने वाले इस शहर ने देश और दुनिया को नई सोच और नए विचार दिए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समिट में प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि देश में सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता और कानून व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है। नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि वाजपेयी दूरदृष्टा नेता थे। उनके लिए राजनीति सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि परिवर्तन और राष्ट्र सेवा का साधन थी। उनका जीवन संघर्ष, संवेदनशीलता और सिद्धांतों का अद्भुत संगम रहा है।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते केंद्रीय मंत्री शाह, सिंधिया, सीएम डॉ. यादव, विस अध्यक्ष तोमर।

### *औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी: विस अध्यक्ष तोमर*

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि इस अवसर पर जिले की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन का कार्य संपन्न हो रहा है, जो क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। साथ ही ग्वालियर द्वारा वर्ष 1905 से आयोजित होने वाले ऐतिहासिक ग्वालियर मेले का शुभारंभ भी किया गया है, जो स्थानीय परंपरा और आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। तोमर ने कहा कि आज के दिन अटल म्यूजियम का लोकार्पण होना गौरव की बात है। यह म्यूजियम श्रद्धेय अटल की स्मृतियों, विचारों और सार्वजनिक जीवन की झलक को संजोए हुए हैं।

### *आज का दिन इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा: खंडेलवाल*


वरिष्ठ विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन क्षेत्र के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर इस कार्यक्रम का आयोजन अपने आप में विशेष महत्व रखता है।

### बोले- पुजारियों की आजीविका पर सीधा हमला

# मठ-मंदिरों की जमीन नीलामी का दिग्विजय सिंह ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में मठ-मंदिरों की भूमि की नीलामी के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मंदिरों की 10 एकड़ से अधिक माफी भूमि के घोष विक्रय (नीलामी) को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है। सिंह ने कहा कि माफी भूमि से ही पुजारी भगवान की सेवा-पूजा, धार्मिक अनुष्ठान और अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इस भूमि की नीलामी से हजारों पुजारी परिवारों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ जाएगी। राम मंदिर के दर्शन करने जाने पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं शंकराचार्य का अद्वैत वेदांत का पाठ करा रहा हूं। मैं उनका प्रवचन भी करवाऊंगा। उसमें लिखा है अहं ब्रह्मास्मि मुझ में ही ब्रह्म है इसलिए मुझे कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है। सिंह के राममंदिर नहीं जाने वाले बयान पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि दिग्विजय दर्शन करने नहीं जा रहे ये तो अनुचित है पर इतना घमंड नहीं होना चाहिए।



# भारत में पेट्रोल पंप की संख्या एक लाख पार, एक दशक में हुई दोगुना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में पेट्रोल पंप की संख्या 2015 से दोगुना होकर 1,00,000 के पार पहुंच चुकी है। सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने तथा ग्रामीण एवं राजमार्ग क्षेत्रों में ईंधन की पहुंच को और अधिक बढ़ाने के लिए तेजी से पेट्रोल पंप का विस्तार किया है।

■ अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा

पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, नवंबर के अंत तक देश में 1,00,266 पेट्रोल पंप थे। यह अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है।

## नवंबर के अंत तक देश में 1,00,266 पेट्रोल पंप थे

### देश में 2015 में 50,451 पेट्रोल पंप थे

पीपीएसी के आंकड़ों के अनुसार, पेट्रोल पंप नेटवर्क 2015 में 50,451 स्टेशन से लगभग दोगुना हो गया है। उस वर्ष, निजी कंपनियों के स्वामित्व वाले 2,967 पेट्रोल पंप कुल बाजार का लगभग 5.9 प्रतिशत थे। वर्तमान में, वे कुल बाजार का 9.3 प्रतिशत हिस्सा हैं। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पेट्रोल पंप नेटवर्क है।

*नायरा एनर्जी के 6921 पेट्रोल पंप : रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी लिमिटेड 6,921 पेट्रोल पंप के साथ सबसे बड़ी निजी ईंधन खुदरा विक्रेता है। इसके बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और बीपी के संयुक्त उद्यम के स्वामित्व वाले 2,114 पेट्रोल पंप हैं। शेल के 346 पेट्रोल पंप हैं।*



### चीन में 1,15,228 पेट्रोल पंप बताए जा रहे

अमेरिका में सबसे बड़ा नेटवर्क है। अमेरिका में पेट्रोल पंप की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं लेकिन 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में खुदरा पेट्रोल पंप की संख्या 1,96,643 थी। तब से कुछ पंप बंद हो चुके होंगे। चीन के लिए पिछले साल की एक रिपोर्ट में पेट्रोल पंप की संख्या 1,15,228 बताई गई थी। सिनोपेक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार वह 30,000 से अधिक चालू पेट्रोल पंप के साथ चीन का सबसे बड़ा ईंधन खुदरा विक्रेता है।

### पीएसयू के पास 90 फीसदी पेट्रोल पंप

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) जैसी सरकारी कंपनियों के पास 90 प्रतिशत से अधिक पंप हैं।

### आईओसी के 41,664 पेट्रोल पंप

चाइना पेट्रोकेमिकल कॉरपोरेशन (सिनोपेक) आकार में हालांकि बड़ी है लेकिन भारतीय बाजार की अग्रणी कंपनी आईओसी के 41,664 पेट्रोल पंप के सामने इसके पेट्रोल पंप की संख्या बहुत कम लगती है। बीपीसीएल का नेटवर्क दूसरे नंबर पर है जिसके 24,605 स्टेशन हैं। इसके बाद एचपीसीएल का स्थान है जिसके 24,418 पेट्रोल पंप हैं।

## खबर संक्षेप

### नेशनल टेस्ट हाउस का भारतीय डाक से करार





**नई दिल्ली।** गुणवत्ता परीक्षण सेवा प्रदाता नेशनल टेस्ट हाउस (एनटीएच) ने कच्चे माल और औद्योगिक उत्पादों के नमूनों के संग्रह तथा उन्हें अधिकृत प्रयोगशालाओं तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के लिए भारतीय डाक के साथ एक समझौता किया है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

### नाल्को से उत्पादन लक्ष्य पूरा करने का आग्रह




**नई दिल्ली।** खान सचिव पीयूष गोयल ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नाल्को की विस्तार योजनाओं और उनके प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए विस्तार परियोजनाओं को समय पर पूरा करने, उत्पादन लक्ष्यों को हासिल करने और परिचालन दक्षता को व्यवस्थित रूप से बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मैजिकपिन ने दिल्ली, मुंबई में मेट्रो टिकट बुकिंग की शुरू




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी मैजिकपिन ने दिल्ली और मुंबई में मेट्रो टिकट बुकिंग सेवा शुरू करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। कंपनी सरकार समर्थित 'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स' के माध्यम से अपने मंच पर बेहद रियायती दरों पर टिकट उपलब्ध करा रही है। प्रतिस्पर्धियों पेटीएम, अमेजन, फोनपे, रैपिडो के मंच पर भी उपलब्ध है।

### यातायात कारपोरेशन का आईपीओ के लिए आवेदन

TRAFFIC CONTROL CORPORATION

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक एवं परिवहन सेवा कंपनी यातायात कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ के जरिये कोष जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। प्रस्तावित आईपीओ में 77 लाख नए शेयर और एक प्रवर्तक की तरफ से 56 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी।

### अक्टूबर-दिसंबर में घरों की बिक्री 16 प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष नौ शहरों में घरों की बिक्री मांग में कमी और आवासीय संपत्तियों की नई पेशकश में गिरावट के कारण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 16 प्रतिशत घटकर 98,019 इकाई रहने का अनुमान है। कंपनी ने कहा कि यह जुलाई-सितंबर, 2021 के बाद दर्ज की गई तिमाही आधार पर सबसे कम बिक्री है।

### सिग्नेचर ग्लोबल करेगी 4,800 करोड़ रुपए का निवेश

SIGNATURE GLOBAL REALTY. RELIABILITY. RESPONSIBILITY.

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल मजबूत उपभोक्ता मांग के मद्देनजर कारोबार विस्तार की रणनीति के तहत गुरुग्राम में एक लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 4,800 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। रियल एस्टेट कंपनी ने हाल ही में 13.56 एकड़ में फैली एक नई परियोजना 'सर्वम एट डीएक्सपी एस्टेट' का शुभारंभ किया है। गुरुग्राम के सेक्टर 37डी में द्वारका एक्सप्रेसवे पर स्थित इस परियोजना में 1,798 अपार्टमेंट होंगे।

## व्यापक सुधार के तहत जीएसटी दरों में भारी कटौती की गई

# भारत ने 2025 में कर व्यवस्था में किया बदलाव नया आयकर अधिनियम 1 अप्रैल से होगा लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने 2025 में अपने कर ढांचे में व्यापक सुधार किया जिसमें माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में भारी कटौती और आयकर छूट शामिल है। अब ध्यान आगामी बजट में सीमा शुल्क में तर्कसंगत सुधार और प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर है।

अगले वर्ष एक अप्रैल से नया सरलीकृत आयकर अधिनियम, 2025 लागू होगा जो छह दशक से अधिक पुराने, वर्तमान आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। साथ ही दो नए कानून, सिगरेट पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने के लिए और पान मसाला पर जीएसटी दरों के अतिरिक्त शुल्क लगाने के लिए सरकार द्वारा तय की गई तिथि से लागू किए जाएंगे। सरकार द्वारा 2025 में लागू किए गए कर सुधारों का उद्देश्य चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक वातावरण के बीच मांग को प्रोत्साहित करना था।

### सामान्य उपभोग की वस्तुओं पर कर बोझ कम हुआ

शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण आर्थिक निर्णय लेने पर असर पड़ने से भारत के कर सुधार उपायों ने घरेलू मांग बढ़ाने, उपभोग को प्रोत्साहित करने और वृद्धि का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस साल एक प्रमुख विशेषता सितंबर 22 से लगभग 375 माल एवं सेवाओं पर जीएसटी दरों में कटौती रही जिससे सामान्य उपयोग की वस्तुओं पर कर का बोझ कम हुआ और लंबे समय से जारी उल्टी कर संरचनाओं (इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर) की चिंताओं का समाधान हुआ।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में आयकर छूट का दायरा बढ़ाया

आगामी बजट में सीमा शुल्क में तर्कसंगत सुधार व प्रक्रिया सरल बनाने पर होगा जोर

एक अप्रैल से नया सरलीकृत आयकर अधिनियम लागू होगा जो छह दशक पुराना है




### सीमा शुल्क के सरलीकरण पर जोर

इस कदम को उपभोग को बढ़ावा देने वाला माना गया (विशेष रूप से शहरी परिवारों के लिए) साथ ही सरलीकृत कर व्यवस्था के तहत स्वैच्छिक अनुपालन को मजबूत करने वाला भी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा कि सीमा शुल्क का सरलीकरण सरकार का सुधार का अगला बड़ा लक्ष्य होगा।

### जीएसटी संग्रह अप्रैल में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रहा

संग्रह की दृष्टि से, अप्रैल में जीएसटी संग्रह ने रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपये को छुआ और चालू वित्त वर्ष 2025-26 में इसका औसत 1.9 लाख करोड़ रुपए रहा। व्यापक दर कटौतियों के कारण जीएसटी राजस्व पर कुछ दबाव बना, साथ ही वृद्धि दर धीमी हुई। भारत में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह नवंबर में साल के निचले स्तर 1.70 लाख करोड़ रुपए पर आ गया। यह सालाना आधार पर केवल 0.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्शाता है।

### फेसलेस असेसमेंट सीमा शुल्क में लागू करने की जरूरत

पारदर्शिता के संदर्भ में आयकर के गुणों जैसे कि 'फेसलेस असेसमेंट' को सीमा शुल्क में भी लागू करने और शुल्क दरों के युक्तिकरण को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। भारत जैसे-जैसे कर सुधारों के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है और इसमें सरलीकरण, पूर्वानुमानशीलता तथा व्यापार करने में आसानी के नीतिगत लक्ष्य के केंद्र में रहने की उम्मीद है।

### सीमा शुल्क के डिजिटलीकरण पर जोर

नांगिया ग्लोबल के अप्रत्यक्ष कर साझेदार राहुल शेखर ने कहा कि सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के संपूर्ण डिजिटलीकरण पर जोर दिया जाना चाहिए जिसमें दस्तावेजीकरण में एकरूपता, पूर्वानुमानित वर्गीकरण पद्धतियां और जोखिम-आधारित त्वरित मंजूरी शामिल हैं जिससे व्यापार सुगमता एवं निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।

## सावनसुख ग्रुप ने कोलकाता में वंचित बेटियों के लिए

# कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन कर क्रिसमस मनाया

एजेंसी ⏭ कोलकाता

सावनसुख ज्वैलर्स ने सावनसुख इंस्टीट्यूट के सहयोग से क्रिसमस की भावना को एक सुविचारित आभूषण निर्माण कार्यशाला के माध्यम से कोलकाता की 50 वंचित लड़कियों को सशक्त बनाकर मनाया। कार्यशाला का संचालन सावनसुख इंस्टीट्यूट के छात्रों और शिक्षकों द्वारा किया गया।

जिन्होंने बेटियों को हस्तनिर्मित कंगन बनाने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन दिया। इस व्यावहारिक अनुभव ने उन्हें आभूषण शिल्प कौशल की बुनियादी बातों से परिचित कराया और साथ ही रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया। क्रिसमस के हार्दिक उपहार के रूप में सिद्धार्थ सावनसुख (सावनसुख ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक और सावनसुख इंस्टीट्यूट के संस्थापक) ने प्रत्येक लड़की को उनके द्वारा बनाया गया कंगन और कई अन्य उपहार भेंट किए, जिससे यह उत्सव आनंदमय और अर्थपूर्ण बन गया। 15 वर्ष पूर्व स्थापित सावनसुख संस्थान, आभूषण निर्माण और डिजाइन के क्षेत्र में कुशल पेशेवरों को तैयार करने की दृष्टि से स्थापित किया गया था। इस मिशन के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए,



संस्थान का मानना है कि कौशल विकास सशक्तिकरण के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक है। सावनसुख ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक और सावनसुख संस्थान के संस्थापक सिद्धार्थ सावनसुख ने कहा, हमारा उद्देश्य संस्थान की विरासत को कक्षाओं से आगे ले जाना है। युवा प्रतिभाओं के साथ ज्ञान और शिल्प कौशल साझा करना, जो सही मार्गदर्शन से भविष्य में राष्ट्र का गौरव बन सकते हैं। यह क्रिसमस उत्सव सामाजिक उत्तरदायित्व, शिक्षा और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं के पोषण के प्रति सावांसुखा ज्वैलर्स की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहां से वास्तविक परिवर्तन की शुरुआत होती है।

## भारत 1 जनवरी से किम्बर्ली प्रक्रिया की करेगा अध्यक्षता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत अगले साल एक जनवरी से तीसरी बार किम्बर्ली प्रक्रिया (केपी) की अध्यक्षता करेगा। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से विवादित हीरों को हटाने की एक वैश्विक पहल है।

वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में यह बात कही। केपी विभिन्न देशों, उद्योग एवं नागरिक समाजों की एक संयुक्त पहल है। इसका उद्देश्य उन विवादित हीरों के प्रवाह को नियंत्रित करना है जिनका इस्तेमाल दुनिया भर में वैध सरकारों के खिलाफ विद्रोही आंदोलन को वित्त पोषित करने के लिए किया जाता है। भारत हीरा काटने और पॉलिश करने के क्षेत्र में एक वैश्विक खिलाड़ी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार विवादित हीरे, वे कच्चे हीरे हैं जिनका उपयोग विद्रोही समूह या उनके सहयोगी दुनिया भर में वैध सरकारों को कमजोर करने वाले संघर्षों को वित्तपोषित करने के लिए करते हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, '' भारत 25 दिसंबर 2025 से केपी उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेगा और नव वर्ष में अध्यक्ष का पदभार संभालेगा। यह तीसरी बार होगा जब भारत को किम्बर्ली प्रक्रिया की अध्यक्षता सौंपी जाएगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY सत्यमेव जयते

■ भारत तीसरी बार केपी की अध्यक्षता करेगा

■ विवादित हीरों को हटाने की एक वैश्विक पहल है

## सरकार जल्द ही स्वामी-2 कोष की करेगी शुरुआत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार स्वामी-2 कोष की रूपरेखा को अंतिम रूप दे रही है और जल्द ही इसको चालू कर दिया जाएगा ताकि अटकी पड़ी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अंतिम चरण का वित्तपोषण उपलब्ध कराया जा सके। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस 15,000 करोड़ रुपए के कोष के शुरू होने से करीब एक लाख मध्यमवर्गीय मकान खरीदारों को राहत मिलेगी जिनके निवेश, अपार्टमेंट के लिए लिए गए ऋणों की ईएमआई (समान मासिक किस्त) का भुगतान करने के बावजूद अटके हुए हैं। इसके लिए सरकार ने बजट 2025-26 में 'किफायती और मध्यम आय वाले आवास के लिए विशेष व्यवस्था' (स्वामी) के लिए 1,500 करोड़ रुपए की प्रारंभिक पूंजी पहले ही आवंटित कर दी है। नए कोष के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। यह कोष व्यावसायिक रूप से व्यवहारिक परियोजनाओं को अंतिम चरण का वित्त पोषण प्रदान करेगा और अटकी हुई।



■ अटकी परियोजनाओं में एक लाख मकानों का निर्माण होगा

■ 15,000 करोड़ रुपए के कोष से मकान खरीदारों को राहत मिलेगी

### घाटे में चल रही पाकिस्तान एयरलाइन 135 अरब में बिकी




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय एयरलाइन पीआईए के निजीकरण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली। एयरलाइन को 135 अरब रुपए में एक स्थानीय निवेश कंपनी के नेतृत्व वाले गठजोड़ को बेचा गया। राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित निजीकरण कार्यक्रम में तीन पात्रता-पूर्व बोलीदाताओं- आरिफ हबीब समूह, लकी सीमेंट और निजी एयरलाइन एयरब्लू ने अपनी-अपनी सीलबंद बोलियां जमा कीं।

**आम सूचना**
**(नाम एवं धर्म परिवर्तित करने के संबंध में)**

मैं अपनी पक्षकारा शहनाज खातून पुत्री श्री ख्वाज बक्श, वर्तमान निवासी–म. नं. 24, लक्ष्मी विहार कॉलोनी, अयोध्या बायपास, भोपाल म.प्र. की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि उन्होंने म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 10 (1) के अंतर्गत मुस्लिम धर्म से हिन्दू धर्म से आशयित सम्परिवर्तन के संबंध करने की कार्यवाही कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भोपाल में संस्थित है। धर्म परिवर्तित किये जाने के उपरांत मेरी पक्षकारा शहनाज खातून पुत्री श्री ख्वाज बक्श अनामिका वर्मा के नाम से जानी एवं पहचानी जावेगी। यदि इस संबंध किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय आदि को कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर मूल दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरी पक्षकारा धर्म परिवर्तित कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

**दिलीप कुमार खरया अधिवक्ता**
कार्या. 9-10, ज्योति सिनेमा काम्प्लेक्स, गागर मिष्ठान के उपर, प्रथम तल, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल मो. 9893991953

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी विभाग) भोपाल**
**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्र. 118/यां.वि./2025 — भोपाल, दिनांक – 24.12.2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _444303_2 | Const. of Burning Shade and Chabutara and Other work at Daulatpur Shamshan Ghat, W-81, Z-19 Second Call | 23,99,435/- | 08 Jan 2025 | 05.30 PM |

नोट : संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगें।

नि.क्र. : 2872/025/026

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम भोपाल

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन कोड 462003**
web site: www.mppwd.gov.in — email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

निविदा क्रमांक 107 से 109/2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल, दिनांक 17/12/2025

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_ PWDRB _ 469212_ 1 | भोपाल | डिपोजीट कार्य | गांधी तिराहा राजभवन के पास, पीएचक्यू चौराहा, सब्बन चौराहा भोपाल में 33 केवीए / 11 केवी/ एलटी लाइन की शिफ्टिंग कराने का कार्य। | प्रथम | 15.017 |
| 2 | 2025_PWDRB_ 469213_ 1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | अनुभाग मान. मुख्यमंत्री निवास भोपाल में विधुत रखरखाव कार्य हेतु कुशल/अर्धकुशल व्यक्तियों को उपलब्ध कराने का कार्य। | प्रथम | 29.833 |
| 3 | 2025_PWDRB_ 469214_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | माननीय मुख्यमंत्री आवास श्यामला हिल्स भोपाल म.प्र. में विभिन्न आयोजनों में पी ए सिस्टम, वीडियो स्क्रीन एवं अस्थाई प्रकाश व्यवस्था की अस्थाई व्यवस्था प्रदान का कार्य। | प्रथम | 49.956 |

उपरोक्त बेव साईट से ऑन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेन्ट) बेव साईट के माध्यम से दिनांक 05/01/2026 सांय 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन. आई. टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेव साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेंगा।

जी – 23352/25 — स्वच्छता ही सेवा

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि (वि/यां.) संभाग क्र. 1, भोपाल

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/888/25 — दिनांकः– 18/12/2025

**ई-निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार कय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोन-03 में जीणोर्धार एवं मरम्मत कार्य | 1,000/- | 4,99,280/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अनुसूची-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 19/12/2025 के 17.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 19/12/2025 के 17.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 02/01/2026 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 03/01/2026 के 17.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 26/12/ 2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

जी - 23360/25 — स्वच्छता ही सेवा

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मंडीदीप, जिला रायसेन**
दूरभाष एवं फैक्स नंबर 07480-407022, Email : cmomandideep@mpurban.gov.in

क्र. / / न.पा.प. / 2025 — // ई - निविदा सूचना // — मंडीदीप, दिनांक ..................

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा अमांत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 470346_1 | Covering work with Iron Profile Sheet for Fish and Mutton market at ward no 10 Shanti Nagar Mandideep | 8,45,074/- | 8,455/- | 2,000/- | 07 Jan 2026 |
| 2 | 2025_UAD_ 470359_1 | Construction of Teen Shed and other work at Fire Station Mandideep | 27,00,288/- | 20,255/- | 5,000/- | 23 Jan 2026 |
| 3 | 2025_UAD_ 427317_3 | Providing and Fixing of Paver Block at ward no 04 from house of Gendalal to Nikki House Mandideep | 5,66,573/- | 5,700/- | 2,000/- | 31 Dec 2025 |
| 4 | 2025_UAD_ 443682_2 (3rd Call) | Construction of RCC Drain from Behind of Shiv Shakti Mandir to main Nala at ward no 01 Shakti Nagar Mandideep | 7,41,255/- | 7,415/- | 2,000/- | 31 Dec 2025 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद मंडीदीप
पुष्पा प्रेमशंकर साहू, उपाध्यक्ष, नगरपालिका परिषद मंडीदीप
डॉ. प्रशांत जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद मंडीदीप

## चिंतन

# रहमान की बांग्लादेश वापसी भारत के लिए मिश्रित संकेत

बांग्लादेश की सबसे मजबूत राजनीतिक पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान आखिरकार 17 साल के वनवास के बाद स्वदेश लौट आए हैं। उनका लौटना सीधे राजनीति में उनकी वापसी के तौर पर देखा जा रहा है। रहमान 12 फरवरी को बांग्लादेश में होने वाले आम चुनावों में भाग लेंगे। उन्हें बीएनपी में पीएम पद का दावेदार भी माना जा रहा है। बता दें कि रहमान की बांग्लादेश वापसी भारत के लिए एक मिश्रित संकेत माना जा रहा है। एक ओर, उनकी वापसी से बांग्लादेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिल सकती है, जो भारत के हित में होगी, क्योंकि उन्होंने वतन लौटते ही कहा कि उनकी विदेश नीति बांग्लादेश के हितों को प्राथमिकता देगी, जो भारत के साथ संबंधों में एक सकारात्मक संकेत हो सकता है। हालांकि संकेत यह भी मिल रहे हैं कि रहमान की वापसी से कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के प्रभाव में वृद्धि हो सकती है, जो भारत के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। जमात-ए-इस्लामी के साथ रहमान के गठबंधन से भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव और बढ़ सकता है। बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है, जो भारत के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि क्या होगा, यह सब तो फिलहाल भविष्य के गर्भ में है, लेकिन भारत को हर हाल में चौकन्ना रहना होगा और पड़ोसी देश में हो रही हलचलों पर कड़ी नजर रखनी होगी। बता दें कि 2008 में जब रहमान पर भ्रष्टाचार और अन्य आरोप लगे, तो वह लंदन चले गए थे। शेख हसीना सरकार गिरने के बाद अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया, जिससे उनकी वापसी का रास्ता साफ हुआ है। इसे भारत के नजरिये से देखें तो बांग्लादेश की सत्ता से शेख हसीना के हटने के बाद अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव बढ़ा है। यूनुस सरकार ने पाकिस्तान से नजदीकियां बढ़ाई हैं, जबकि भारत से दूरी बनाई है। अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमले बढ़े हैं और कट्टरपंथी ताकतें मजबूत हुई हैं। रहमान ने पहले भारत-विरोधी बयान दिए हैं, लेकिन हाल के संकेत सकारात्मक हैं। उन्होंने कहा है, न दिल्ली, न इस्लामाबाद, बांग्लादेश पहले। भारत ने बीएनपी नेतृत्व से बातचीत की है और रहमान की मां खालिदा जिया की बीमारी पर सहानुभूति जताई है। भारत ने उनके इलाज की भी पेशकश की थी। कयास लगाए जा रहे हैं कि बीएनपी सत्ता में आई तो भारत के साथ संतुलित संबंध रखेगी, क्योंकि उनके भाषण में पाकिस्तान से भी दूरी बनाए रखने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, भारत भी चाहता है कि बांग्लादेश में स्थिर और लोकतांत्रिक सरकार आए, जो क्षेत्रीय सुरक्षा और व्यापार के लिए फायदेमंद हो। बीएनपी की जीत से विदेश नीति में बदलाव आ सकता है, जो भारत के हित में होगा। भारत शांतिपूर्ण चुनाव और स्थिर पड़ोसी की उम्मीद कर रहा है। आगे के दिन बांग्लादेश की दिशा तय करेंगे। इस समय परिस्थिति ऐसी है कि भले बीएनपी के भारत के साथ तनावपूर्ण संबंध रहे हों, लेकिन मौजूदा वक्त में बीएनपी को ही भारत अधिक उदार और लोकतांत्रिक विकल्प के रूप में देख रहा है। अवामी लीग का पत्ता पहले ही काटा जा चुका है और ऐसे में भारत को उम्मीद होगी कि रहमान की वापसी से बीएनपी कार्यकर्ताओं में जोश आएगा और पार्टी अगली सरकार बनाएगी। यहां भारत के लिए स्थिति ऐसी है कि उसे दो बुरे में से एक कम बुरा चुनना होगा।



एफटीए
प्रमोद भार्गव

# न्यूजीलैंड से निर्यात पर भारत की दृढ़ता

विश्व कारोबार पटल पर भारत की महत्ता की स्वीकार्यता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में किसान हितों का पूरा ख्याल रखते हुए इस समझौते को अंतिम रूप दिया है। दरअसल भारत में किसान और दुग्ध उत्पादक ग्वालों की प्रकृति पर निर्भरता होने के कारण आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है। अतएव अमेरिका हो या न्यूजीलैंड यदि उनके सस्ते उत्पादों को भारत में बेचने की अनुमति मिल जाती है तो इन लोगों को रोटियों के लाले पड़ सकते हैं ? भारत इन उत्पादों की बजाय न्यूजीलैंड से सेब, कीवी, शहद और वाइन आयात करेगा। इनके आयात में टैरिफ में भी बड़ी राहत दी गई है।

विश्व कारोबार पटल पर भारत की महत्ता की स्वीकार्यता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में किसान हितों का पूरा ख्याल रखते हुए इस समझौते को अंतिम रूप दिया है। याद रहे अमेरिकी कृषि उत्पाद निर्यात पर भारत ने दो टूक मना कर दी थी। इस कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाराजगी का भारत ने बढ़ाए गए टैरिफ के रूप में सामना किया। इसकी भरपाई के लिए धैर्य से काम लेते हुए ब्रिटेन, ओमान और अब न्यूजीलैंड से अपनी शर्तों पर एफटीए करके किसान हितों को साधते हुए उल्लेखनीय समझौते कर लिए। इसी माह दिसंबर 2025 में भारत ने ओमान के साथ कॉम्प्रेहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीपा) किया था और अब भारत की न्यूजीलैंड से चली 9 माह की वार्ता में न्यूजीलैंड से इस बात पर सहमति हो गई कि इस समझौते में कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह बाहर रखा जाएगा। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत से 5000 अभियंता न्यूजीलैंड काम करने के लिए जाते हैं। बावजूद यह समझौता शून्य टैरिफ पर होना भारत के दोनों हाथों में लड्डू होने जैसा है।

इस समझौते से अमेरिका को इसलिए भी झटका लगा है, क्योंकि पांच साल पहले एशिया-प्रशांत व्यापार क्षेत्र के रूप में उभर रहे 15 देशों के व्यापार पटल आरईसीपी (रिजनल कॉम्प्रेहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप) का सदस्य बनने से भारत ने इनकार कर दिया था। इसका मुख्य कारण था कि न्यूजीलैंड के सस्ते दूध और कृषि उत्पादों का भारत में निर्यात रोकना। अब भारत ने न्यूजीलैंड से स्वतंत्र रूप में समझौता करके किसान हितों को साध लिया है। दरअसल भारत में किसान और दुग्ध उत्पादक ग्वालों की प्रकृति पर निर्भरता होने के कारण आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है। अतएव अमेरिका हो या न्यूजीलैंड यदि उनके सस्ते उत्पादों को भारत में बेचने की अनुमति मिल जाती है तो इन लोगों को रोटियों के लाले पड़ सकते हैं ? भारत इन उत्पादों की बजाय न्यूजीलैंड से सेब, कीवी, शहद और वाइन आयात करेगा। इनके आयात में टैरिफ में भी बड़ी राहत दी गई है। साथ ही न्यूजीलैंड सेब, कीवी और डेयरी क्षेत्र में भारतीय उत्पादकता को बढ़ाने में अपनी तकनीकि मदद भी देगा। अतएव यह समझौता पूर्ण रूप से भारतीय हितों को साधने वाला है। वे भारतीय ऋषि ही थे, जिन्होंने सबसे पहले जाना था कि गाय के दूध में ऐसे पोषक तत्व हैं, जो शरीर और दिमाग दोनों को ही स्वस्थ रखते हैं। यह दूध ही है, जिससे दही, मठा, मक्खन और घी जैसे सह-उत्पाद निकलते हैं। ये उत्पाद मिठाई की दुकानों से लेकर डेयरी उद्योग के जरिए करोड़ों लोगों के रोजगार का मजबूत माध्यम बने हुए हैं। लंबे समय तक गाय से पैदा बैल पर ही भारतीय कृषि निर्भर रही है। इसी कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारतीय दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसी दूध पर कब्जे के लिए अमेरिका अपने यहां उत्पादित मांसाहारी दूध बेचना चाहता है। अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर टिकी रही है, जिनमें से एक न्यूजीलैंड भी रहा है। अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते की बात चली थी। इस समझौते की सूची में अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल थे। भारत



सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया था कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारतीय बाजार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो स्वीकार योग्य नहीं है। इस मनाही के बाद अमेरिका ने भारत पर अनर्गल टैरिफ संबंधी शर्तें थोपना शुरू कर दी थीं। भारत में 13 जनवरी 1970 को फ्लड ऑपरेशन के साथ दूध का उत्पादन शुरू हुआ था। इसे ही श्वेत क्रांति का नाम दिया गया। यह केवल भारत में ही नहीं विश्व में सबसे बड़े ग्रामीण कार्यक्रमों में से एक है। इसी की बदौलत भारतीय डेयरी उद्योग का चेहरा बदला और लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों की आर्थिकी में क्रांतिकारी बदलाव आया। दरअसल, फिरंगी हुकूमत के दौरान पोल्सन नाम की ब्रिटिश कंपनी का इस क्षेत्र का दूध खरीदने पर एकाधिकार था। कंपनी दुग्ध उत्पादकों का लगातार शोषण कर रही थी। इस शोषण की शिकायत किसानों ने सरदार पटेल से की। पटेल गोधन, गोरस और गोदान की हिंदू जीवन शैली के अनुयायी थे। पटेल शोषण की जानकारी से बेचैन हुए और लौहपुरुष के अवतार में आ गए, उन्होंने तत्काल कंपनी को दूध बेचने से मना कर दिया। उनका मानना था कि जब कंपनी को दूध मिलेगा ही नहीं, तो उसे किसानों की शर्तें मानने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही पटेल ने सभी किसानों को मिलकर सहकारी संस्था बनाकर स्वयं दूध और दूध के उत्पाद बेचने की सलाह दी। पटेल के इस सुझाव से किसान सहमत हो गए और अंग्रेजों को दूध न देने की चुनौती दे दी। बाद में 1946 में पटेल ने अपने भरोसे के साथ ही मोरारजी देसाई और त्रिभुवन दास पटेल की सहायता से भारत की पहली दुग्ध सहकारी संस्था की स्थापना की, इसे ही बाद में जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के नाम से जाना गया। 250 लीटर दूध का प्रतिदिन कारोबार करने वाली इसी संस्था को आज विश्वव्यापी संस्था 'अमूल' के नाम से जाना जाता है।

दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। करीब 1.5 करोड़ परिवार ही सहकारी दुग्ध उत्पादकता से जुड़े हैं, जबकि 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार आज भी सहकारिता के दायरे से वंचित हैं। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक भी दूध बेचने का काम करते हैं। इसी दूध के बाजार पर अमेरिका समेत अनेक दुग्ध उत्पादक पश्चिमी देशों की निगाहें टिकी रहती हैं। हालांकि अब दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुछ माह पहले ही दस हजार नई कृषि सहकारी समितियों को हरी झंडी दिखाई है। अगले पांच साल में इनकी संख्या दो लाख तक पहुंचाने की है। इन्हीं सहकारी संस्थाओं के जरिए कृषि और दुग्ध उत्पादों को भारत से लेकर एशिया और यूरोप तक बाजार में पहुंचाने की तैयारी है। ऐसे में यदि अमेरिकी या अन्य देशों के लिए दुग्ध उत्पाद बेचने के लिए भारतीय बाजार खोल दिए जाते तो इन समितियों की मुश्किलें तो बढ़ती हीं, दुग्ध उत्पादक आठ करोड़ लोगों की आजीविका पर भी संकट के बादल गहरा जाते।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिव्य कला मेला
विवेक शुक्ला



# दिव्यांगजनों की प्रतिभा व रचनात्मकता का उत्सव

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की इंडिया गेट पर जहां आदमकद मूर्ति स्थापित है, उसके आसपास बीते दिनों रोज हजारों लोग पहुंच रहे थे। ये सब नेताजी की मूर्ति को नमन करने के बाद दिव्यांगजनों की प्रतिभा, रचनात्मकता और उद्यमिता को देखकर मंत्रमुग्ध हो रहे थे। मौका था दिव्य कला मेला 2025 का। अब इस तरह के मेले देश के सभी राज्यों में आयोजित हो रहे हैं। इस मेले में आए दिव्यांग कलाकारों और उद्यमियों के स्टॉल लगे, जहां वे हस्तशिल्प, चित्रकला, ज्वेलरी, खाद्य उत्पाद और अन्य हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन कर रहे थे। यह मेला दिव्यांगों की क्षमताओं को मुख्यधारा में लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे मेलों का आयोजन न केवल दिव्यांगजनों को आर्थिक अवसर प्रदान करता है, बल्कि समाज में समावेशिता की भावना को मजबूत करता है। इसके साथ ही, अपने पास ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति को देखकर इनमें जोश आता, अवरोधों को पार करने का। दिव्य कला मेला जैसे आयोजनों के लाभ बहुआयामी हैं। सबसे पहले, ये आर्थिक सशक्तिकरण के सशक्त माध्यम हैं। भारत में करोड़ों दिव्यांगजन हैं, जिनमें से कई ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और रोजगार के अवसरों से वंचित रहते हैं। ऐसे मेलों में स्टॉल लगाने का अवसर मिलने से वे अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकते हैं।


उदाहरण के लिए, इस वर्ष के मेले में 28वें संस्करण में सैकड़ों दिव्यांग उद्यमी भाग लेने आए, जो अपने हस्तशिल्प को बेचकर आय अर्जित कर रहे हैं। यह न केवल उनकी आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ाता है, बल्कि उन्हें बाजार की समझ भी देता है। सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता, जैसे यात्रा भत्ता और स्टॉल की सुविधा, इन व्यक्तियों को बिना किसी अतिरिक्त बोझ के भाग लेने की अनुमति देती है। इन्हें रहने के लिए प्रतिदिन 2200 रुपये मिले। परिणामस्वरूप, कई दिव्यांगजन छोटे व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बनते हैं, जो गरीबी उन्मूलन में योगदान देता है। दूसरा प्रमुख लाभ सामाजिक समावेशिता का है। समाज में दिव्यांगजनों के प्रति अक्सर पूर्वाग्रह और दया की भावना रहती है, लेकिन ऐसे मेलों से यह धारणा बदलती है। मेले में एक 'एक्सेसिबिलिटी सिमुलेशन जोन' जैसी सुविधाएं हैं, जहां सामान्य लोग दिव्यांगता की चुनौतियों का अनुभव कर सकते हैं। इससे सहानुभूति और समझ बढ़ती है, जो एक समावेशी समाज की नींव रखती है। दिल्ली जैसे महानगर में इंडिया गेट पर आयोजित होने से यह मेला बहुत बड़ी संख्या में पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को आकर्षित करता रहा, जो दिव्यांग कलाकारों की प्रतिभा को देखकर प्रेरित हुए। इससे दिव्यांगजन मुख्यधारा में शामिल महसूस करते हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। ऐसे आयोजन विकलांगता के प्रति जागरूकता फैलाते हैं, जो शिक्षा और रोजगार नीतियों में सुधार लाते हैं। उदाहरणस्वरूप, देश में पिछले दशक में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण और योजनाएं बढ़ी हैं, और मेलों जैसे प्लेटफॉर्म इन योजनाओं का प्रचार करते हैं। दिव्य कला मेला में प्रदर्शित उत्पाद भारतीय संस्कृति की विविधता को भी दर्शाते हैं, राजस्थानी हस्तकला से लेकर पूर्वोत्तर के बांस उत्पाद तक। यह न केवल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है, बल्कि दिव्यांग कलाकारों को अपनी कला को वैश्विक स्तर पर ले जाने का मौका देता है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और संगीत प्रदर्शन होते रहे, जो दिव्यांगजनों की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करते हैं।

इससे युवा पीढ़ी प्रेरित होती है और दिव्यांग बच्चे अपने सपनों को साकार करने के लिए उत्साहित होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी ये मेला लाभदायक है, क्योंकि कई उत्पाद पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों से बने होते हैं, जो सतत विकास को बढ़ावा देते हैं। कुल मिलाकर, ऐसे मेलों से समाज का सामूहिक विकास होता है, जहां हर व्यक्ति की क्षमता का सम्मान किया जाता है। यह मेला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो दिव्यांगों की क्षमताओं को मुख्यधारा में लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे मेलों का आयोजन दिव्यांगजनों को आर्थिक अवसर प्रदान करता है।

इन कलाकारों की सफलता ने यह साबित कर दिया कि दिव्यांगजन किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें सही दिशा और अवसर मिले। दिव्य कला मेला जैसे प्लेटफॉर्म इन सफलताओं को और बढ़ावा दे सकते हैं। इंडिया गेट में देशभर से आए दिव्यांगजनों को प्रेरणा मिलती रही नेताजी सुभाष चंद्र बोस से, जिनकी मूर्ति वहां ही स्थापित हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी



संकलित
दर्शन

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## जयंती



वाराणसी में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में पं मदन मोहन मालवीय की जयंती पर फूलों से बनाई प्रतिमा

## आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पहली बार यह दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

*– प्रकाश ठाकुर, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### गगनयान मिशन



भारत के युवाओं की बदौलत हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम अधिक उन्नत और प्रभावशाली होता जा रहा है। एलवीएम3 की विश्वसनीय भारी भार वहन क्षमता के साथ, हम गगनयान जैसे भविष्य के मिशनों की नींव मजबूत कर रहे हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सांस्कृतिक परियोजना



महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव के जीवन से जुड़ी बटद्रवा सत्र की भूमि को असम सरकार ने अतिक्रमणमुक्त किया। वहां एक सांस्कृतिक परियोजना को साकार रूप दिया है, जहां सनातन परंपरा और असम की समृद्ध संस्कृति को सुंदर रूप में प्रदर्शित किया है।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### नए कॉरिडोर मंजूर



दिल्ली के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए एक नया मार्ग प्रशस्त किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली मेट्रो के चरण-5 (ए) के तहत तीन नए कॉरिडोर को मंजूरी दी है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### उपेक्षा से तिरस्कार तक




भाजपा राज में 'बाटी-चोखा' भी नहीं केवल 'माटी-धोखा' खाने को मिलता है। अब बात 'हाता नहीं भाता' से बहुत आगे निकल गयी है। जब बात उपेक्षा से तिरस्कार तक पहुँच जाती है तो कोई भी समाज सह नहीं पाता है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# वर्ष 2025 में संयुक्त राष्ट्र 80 वर्ष का हुआ




दुनिया के कई इलाकों में जारी संघर्षों, वित्तीय संकट और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना के बीच, संयुक्त राष्ट्र ने 2025 में अपनी 80वीं वर्षगांठ मनाई, जबकि भारत ने विश्व निकाय से ''नेतृत्व और आशा'' पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया और एक बड़ी भूमिका निभाने की इच्छा व्यक्त की। यूक्रेन और गाजा में संघर्ष, सूडान से लेकर म्यांमा तक दुनिया भर के कई अन्य हिस्सों में युद्ध की स्थिति ने 2025 में भी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में संयुक्त राष्ट्र और उसकी शक्तिशाली, लेकिन ध्रुवीकृत, सुरक्षा परिषद की अक्षमता को उजागर किया। जैसे-जैसे राष्ट्र मानवीय आपात स्थितियों, जलवायु संकट और आर्थिक असमानता से जूझ रहे हैं, वैसे-वैसे संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर सवाल और मुखरता से उठाए जा रहे हैं जिनमें प्रमुख सवाल यह है कि क्या 1945 में स्थापित 80 साल पुराने इस संगठन के पास 21वीं सदी में अस्थिर दुनिया की समस्याओं का समाधान है। इस पृष्ठभूमि में, भारत ने इस बहुपक्षीय संगठन में सुधार के लिए जोरदार आह्वान किया है। सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि एक 'निष्पक्ष रिपोर्ट कार्ड' से पता चलेगा कि संयुक्त राष्ट्र संकट की स्थिति में है।

## ऑफ बीट

# आम पकने के पहले ही क्यों गिर जाते हैं ?



ऑस्ट्रेलिया में हर मौसम में आम उत्पादकों को उस समय भारी नुकसान होता है, जब पेड़ों से बड़ी संख्या में फल पकने से पहले ही गिर जाते हैं। शोध में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तनाव के दौरान पेड़ों में हार्मोनल असंतुलन और कार्बोहाइड्रेट की कमी पैदा हो जाती है। फल के विकास के लिए आवश्यक शर्करा की आपूर्ति बाधित होने पर पेड़ अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और फल गिर जाता है। शोधकर्ताओं ने इसे एक आणविक क्विट सिग्नल बताया है, जो पेड़ को फल का साथ छोड़ने का संदेश देता है। यह संकेत जीन गतिविधि और हार्मोनल संकेतों के जटिल नेटवर्क से जुड़ा है। इस प्रक्रिया को समझने के लिए वैज्ञानिक आम के डंठल (पेडिसल) के ऊतकों में जीन गतिविधियों का अध्ययन कर रहे हैं, जहां पेड़ और फल के बीच पोषक तत्वों और संकेतों का आदान-प्रदान होता है। फल झड़ने की समस्या के लिए शोध में पौध वृद्धि नियामकों (प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर्स) के उपयोग को एक प्रभावी उपाय बताया गया है। ये हार्मोन के कृत्रिम रूप होते हैं, जो तनाव की स्थिति में पेड़ों में संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। परीक्षणों में पाया गया कि फूल आने के शुरुआती चरण में इनका प्रयोग अधिक प्रभावी रहा, जिससे पैदावार में 17 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**

पर भेज सकते हैं।



तबला वादक पंडित किरण सदाशिव देशपांडे को पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर सम्मान देते हुए।

# पंडित किरण देशपांडे को मिला सुरेश तातेड़ राष्ट्रीय कला साधक सम्मान

## दुष्यंत संग्रहालय में सुरेश तातेड़ राष्ट्रीय कला साधक सम्मान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभिनव कला परिषद द्वारा स्थापित पंडित सुरेश तातेड़ राष्ट्रीय कला साधक सम्मान देश के ख्यातिलब्ध तबला वादक पंडित किरण सदाशिव देशपांडे को प्रदान किया गया। यह सम्मान गुरुवार शाम दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय में शिक्षाविद डॉ. संतोष चौबे, कला समीक्षक विनय उपाध्याय, पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने संयुक्त रूप से पं. देशपांडे को सम्मानित किया। अभिनव कला परिषद के सचिव अतुल तातेड़ ने बताया कि परिषद के संस्थापक स्व पंडित सुरेश तातेड़ की स्मृति में उनके जन्मदिन के अवसर पर यह सम्मान प्रदान किया गया।



सम्मान समारोह में शिक्षाविद डॉ. संतोष चौबे, पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

### भजन प्रस्तुतियों ने मोहा श्रोताओं का मन

समारोह का शुभारंभ डॉ. रामवल्लभ आचार्य द्वारा रचित भजनों से हुआ। विजय चन्देश्री, मनीष श्रीवास्तव, विपुल जैन एवं संगीत पारे के सुमधुर स्वरों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित भजन सद्गुरु बिना किसी को सद्ज्ञान कहा मिला है के माध्यम से पं. सुरेश तातेड़ को भावपूर्ण स्मरण किया गया।



### सात तबला वादकों की लयबद्ध प्रस्तुति

पं. किरण देशपांडे के सम्मान में सुविख्यात तबला वादक मनोज पाटीदार के शिष्यों द्वारा आकर्षक तबला वादन प्रस्तुत किया गया। सात शिष्यों ने तीन ताल में उठान, कायदे, रेला, टुकड़े, चक्रधार, फरमायशी चक्रधार एवं जुगलबंदी प्रस्तुत कर ताल-साधना का अनुपम सौंदर्य बिखेरा।



## खबर संक्षेप

### लेखक संघ का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रविवार को

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लेखक संघ का वार्षिक साहित्यकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रविवार, 28 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से मानस भवन में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा करेंगे। मुख्य अतिथि रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे तथा सारस्वत अतिथि विकास दवे होंगे। आयोजन में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों के साहित्यकार उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के 28 साहित्यकारों को वर्ष 2025 के विभिन्न सम्मानों से अलंकृत किया जायेगा। संघ के प्रान्ताध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने बताया कि निम्न साहित्यकारों को इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

### एमए म्यूजिक में अनूप श्रीवास्तव को मिला स्वर्ण पदक



**भोपाल।** शहर के गायक और संगीत शिक्षक अनूप श्रीवास्तव को देश के सुप्रसिद्ध अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा एम ए म्यूजिक (शास्त्रीय संगीत) में पूरी यूनिवर्सिटी में टॉपर रहते हुए गोल्ड मेडल राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा प्रदान किया गया। पेशे से इंजीनियर अनूप श्रीवास्तव ने सिविल इंजीनियरिंग की है। अनूप को संगीत विरासत से ही मिली और 1983 में आपने मशहूर गजल गायक और आकाशवाणी के कंपोजर उस्ताद सरवत हुसैन का शिष्यत्व ग्रहण किया।

### आरएनटीयू में पं. मिलिंद तुलणकर का जलतरंग वादन आज

**भोपाल।** प्याले और पानी की संगत में मधुर स्वर लहरियों का सम्मोहन जगाने वाले दुर्लभ वाद्य जलतरंग की अनूठी सभा शुक्रवार को रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में आयोजित की गई है। शारदा सभागार में दोपहर 3 बजे पुणे के विश्वविख्यात संगीतकार पंडित मिलिन्द तुलणकर जलतरंग वादन के साथ ही श्रोताओं से संवाद भी करेंगे। टैगोर विश्व कला- संस्कृति केन्द्र और विश्वरंग फाउंडेशन की साझा पहल पर परिकल्पित इस सभा में जलतरंग उपन्यास के लेखक तथा कुलाधिपति संतोष चौबे का आत्मीय सानिध्य रहेगा। इस अवसर पर संगीत पर एकाग्र कविताओं के संग्रह अनुनाद के नवीन संस्करण का लोकार्पण भी होगा।

### यूपी स्टेट स्पेशल हैंडलूम एक्सपो का शुभारंभ

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने यूपी स्टेट स्पेशल हैंडलूम एक्स्पो का शुभारंभ किया। महापौर ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर हैंडलूम आईटम्स का अवलोकन किया। महापौर ने गुरुवार को भोपाल हॉट बाजार में आयोजित यूपी स्टेट स्पेशल हैंडलूम एक्सपो 2025-26 का फीता काटकर शुभारंभ किया। महापौर ने हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित हैंडलूम एक्सपो की सराहना की।

## रविंद्र भवन सभागार में 'छोटी बड़ी बातें-8' में चार नाट्य प्रस्तुतियों का मंचन

# चार कहानियों में रिश्तों के बीच के मौन और संवाद को उजागर करता है नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारे रोजमर्रा के जीवन में अनेकों घटनाएं घटित होती हैं, जिनके साथ हमारी गहरी भावनाएं जुड़ी रहती हैं। कुछ ऐसी ही भावनाओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुति 'छोटी बड़ी बातें-8' का मंचन गुरुवार शाम रविंद्र भवन सभागार में किया गया।

राजीव वर्मा के निर्देशन में तैयार इन नाट्य प्रस्तुतियों में रिश्तों, संवाद, मौन, टकराव और समझ की बारीक परतों को बेहद ही उम्दा ढंग से उजागर किया गया। इसके अंतर्गत चार अलग अलग कहानियों को दिखाया गया, जिसमें कहीं कहीं जीवन की छोटी-छोटी बातों के पीछे छिपे बड़े अर्थ को दर्शाया गया। इन प्रस्तुतियों में प्रकाश परिकल्पना कमल जैन की रही।



नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार।

### स्त्री पीड़ा को दर्शाता 'औरतों की दुनिया'

व्यंग्यकार सुनील सक्सेना द्वारा रचित तुम कैसी हो कहानी पति-पत्नी के रिश्तों में आती उदासीनता और बढ़ती दूरियों को संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत करती है। नाटक में दिखाया गया है कि कैसे जीवन भर साथ निभाने का वादा करने वाले पति-पत्नी समय के साथ एक-दूसरे से भावनात्मक रूप से दूर होते चले जाते हैं। वहीं तीसरी नाट्य प्रस्तुति 'औरतों की दुनिया' में एक स्त्री के जीवन के भावनात्मक संघर्ष को गहराई से दर्शाया गया। नाटक यह बताता है कि कैसे एक औरत का जीवन घर, गृहस्थी, पति, बच्चे और माता-पिता के इर्द-गिर्द ही सिमट कर रह जाता है। उसकी इच्छाएं, सपने और भावनाएं अक्सर अनदेखी रह जाती हैं।



तुम कैसी हो नाटक की प्रस्तुति देते हुए।



नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार।

## किसी भी उम्र में जीवन को अर्थ दे सकता है संवाद और अपनापन

नाटक सहयात्री की कहानी एक ट्रेन यात्रा से शुरू होती है, जहां दो बुजुर्ग सहयात्री आमने-सामने बैठेकर एक औपचारिक चर्चा करते हैं। शुरुआत में यह मुलाकात औपचारिक होती है, लेकिन बातचीत के क्रम में यह औपचारिकता धीरे-धीरे आत्मीयता में बदल गई और ताउम्र दोस्ती की शक्ल में बदल गई। उम्र के इस पड़ाव पर पनपी यह दोस्ती दर्शकों को यह एहसास कराती है कि संवाद और अपनापन किसी भी उम्र में जीवन को अर्थ दे सकता है।

नाटक सहयात्री की प्रस्तुति



नाटक सहयात्री की प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

### बच्चों और माता-पिता के बीच की दूरी को दर्शाती अंतिम नाट्य प्रस्तुति



चौथी एवं अंतिम नाट्य प्रस्तुति 'आखिर हमें आना है, जरा देर लगेगी' में वर्तमान समय में बच्चों और माता-पिता के बीच बढ़ती दूरी को केंद्र में रखा गया। कहानी यह दर्शाता है कि जिन बच्चों को माता-पिता अपने खून-पसीने से पाल-पोस कर बड़ा करते हैं, वही बच्चे समय के साथ उनसे दूर हो जाते हैं और उनके अंतिम क्षणों में भी साथ नहीं निभा पाते। यह नाट्य प्रस्तुति दर्शकों के मन को गहराई से झकझोर देती है।



पंडित लक्ष्मीनारायण पशुपति वायलिन वादन की प्रस्तुति देते हुए।

## ध्रुपद संस्थान में पंडित लक्ष्मीनारायण पशुपति ने किया वायलिन वादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ध्रुपद संस्थान गुरुकुल में क्रिसमस की शाम चेन्नई से आए पंडित लक्ष्मीनारायण पशुपति ने अपना वायलिन वादन प्रस्तुत किया। लक्ष्मीनारायण अमेरिका के अटलांटा शहर में रहते हैं और विदुषी डॉक्टर एन राजम से शिक्षा ले रहे हैं। उन्होंने वायलिन पर राग बिहाग प्रस्तुत किया। इसके अंतर्गत विलंबित एकताल में वादन प्रस्तुत करने के बाद द्रुत तीन ताल में एक गत प्रस्तुत की। वादन को आगे बढ़ाते हुए राग झिंझोटी प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम का समापन राग भैरवी में एक तराने से किया। आपके साथ तबले पर मुंबई से आए प्रसिद्ध तबला वादक पंडित अजित पाठक ने कुशल साथ दिया।

### उपन्यास सुग्रीव का लोकार्पण

## रामचरित मानस के पात्रों पर शोधपरक उपन्यास है सुग्रीव!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी की सृजन श्रृंखला - 50 के अंतर्गत तुलसी साहित्य अकादमी में डॉ. मोहन तिवारी आनंद की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पवन कुमार जैन आईटीएस महनिदेशक दूरसंचार मुख्य अतिथि, वरिष्ट शिक्षाविद् डॉ. राजेश तिवारी सारस्वत अतिथ तथा विशिष्ट - अतिथि व्यंग्यकार गोकल सोनी रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुरेश पटवा तथा संचालन डॉ. अशोक तिवारी अमन ने किया। इस अवसर पर डॉ.मोहन तिवारी आनंद द्वारा सृजित उपन्यास सुग्रीव का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर गोपाल देव नीरद ने हर मां तिमिर अज्ञान का, सस्वर पाठ किया।

### एनुअल फंक्शन में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की चारों युगों की झलक

## मानसरोवर पब्लिक स्कूल में युग दर्पण अल्फा टू ओमेगा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर पब्लिक स्कूल के एनुअल फंक्शन युग दर्पणः अल्फा टू ओमेगा में विद्यार्थियों ने सनातन धर्म के चार युग सत्ययुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग की झलक मंच पर प्रस्तुत कर समां बांध लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भगवान विष्णु के नृसिंह अवतार, श्री राम अवतार, श्री कृष्ण अवतार सहित कल्कि अवतार के माध्यम से अधर्म का नाश और पुनः सत्ययुग की स्थापना को बखूबी चरितार्थ किया।

मानसरोवर कैंपस, हिनौतिया आलम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा सहित मानसरोवर समूह की चेयरपर्सन डॉ. मंजुला तिवारी, चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी, प्रति कुलाधिपति डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, कुलपति डॉ. ए.एस. यादव और मानसरोवर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सोजन जोसफ ने दीप प्रज्वलित कर किया।



विद्यार्थी को पुरस्कार देते हुए मंत्री सिंह, वहीं प्रस्तुति देते बच्चे।



संगोष्ठी साहित्य अकादमी में आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित साहित्यकार।

## वरिष्ठ बाल साहित्यकारों से सलाह के लिए संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को बाल साहित्य सृजन पीठ की प्रथम संगोष्ठी साहित्य अकादमी में आयोजित हुई। कार्यक्रम में बाल साहित्य सृजन से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। औपचारिक बैठक में डॉ विकास दवे, निदेशक साहित्य अकादमी के मार्गदर्शन में, बाल साहित्य शोध सृजनपीठ की निदेशक डॉक्टर मीनू पांडे के साथ महेश सक्सेना- निदेशक बाल साहित्य शोध केंद्र, कीर्ति श्रीवास्तव- वरिष्ठ बाल साहित्यकार एवं संपादक साहित्य समीर, सुधा दुबे - वरिष्ठ बाल साहित्यकार सहित बड़ी संख्या में बाल साहित्यकार मौजूद थे।

## कलाकुंज शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति ने प्री-मैरिटल कम्युनिकेशन सेंटर 'तेरे मेरे सपने' का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय महिला आयोग के मार्गदर्शन में संचालित प्री-मैरिटल कम्युनिकेशन सेंटर 'तेरे मेरे सपने' का औपचारिक उद्घाटन शिर्डीपुरम, कोलार में संपन्न हुआ। यह केंद्र कलाकुंज शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में कलाकुंज फाउंडेशन की संस्थापक पूजा चौकसे, प्रकाश नायक (अपर जिला दंडाधिकारी - एडीएम) एवं डॉ. एन. के. थपक कुलपति, एलएनसीटी मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने संस्था से जुड़े बच्चों एवं युवाओं को विवाह पूर्व संवाद, आपसी समझ और सम्मान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस केंद्र से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



## विधि के 50 विद्यार्थियों ने किया 'भोपाल जेल' का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कॅरियर कॉलेज ऑफ लॉ के प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. अनिल के. दीक्षित के मार्गदर्शन में चार संकाय सदस्यों के नेतृत्व में 50 छात्रों को भोपाल की केंद्रीय जेल का एक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया जिसका उद्देश्य विधार्थी को जेल प्रशासन और आपराधिक न्याय प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराना था। विधार्थियों ने कैदी प्रबंधन, सुरक्षा, सुधारात्मक प्रक्रियाओं और पुनर्वास के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल के दैनिक कामकाज का भी अवलोकन किया, जिससे दंडशास्त्र और जेल सुधारों के बारे में उनकी समझ बढ़ी।

### माधवराव सप्रे संग्रहालय में संवाद एवं अलंकरण समारोह आयोजित

# पत्रकार की पैनी दृष्टि ही जमीनी हकीकत से करा सकती है परिचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक पत्रकार ही ऐसा व्यक्ति होता है जो अपनी पैनी नजर से समाज में खुद भी कुछ बन सकता है और दूसरे को भी कुछ बना सकता है। इसकी वजह जमीनी वास्तविकता तक पहुंचने की उसकी क्षमता होती है। समय और समाज की नब्ज पर पत्रकारों की ही पकड़ होती है।

समाज के दीगर क्षेत्रों के लोग जो समझ नहीं पाते उसे पत्रकार सहज ही समझ लेता है। यह कहना है पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत का। वे गुरुवार को माधवराव सप्रे संग्रहालय में आयोजित संवाद एवं अलंकरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समारोह में वरिष्ठ पीढ़ी के तीन पत्रकारों को हुक्मचंद नारद सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मानित पत्रकारों ने अपने पत्रकार जीवन के अनुभवों को भी साझा किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह, चंद्रकांत नायडू तथा राजेन्द्र हरदेनिया को हुक्मचंद नारद सम्मान से सम्मानित किया गया।



### पत्रकारिता जगत के लोगों से बहुत कुछ सीखा

रावत ने कहा कि कलेक्टर, संचालक जनसंपर्क या मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे पद संभालने के दौरान पत्रकारिता के लोगों का साथ रहा और बहुत कुछ सीखा। उन्होंने जबलपुर ननि चुनाव के दौरान पर्यवेक्षक के अनुभव को साझा कर बताया कि उस चुनाव में महापौर पद पर जिस दल के प्रत्याशी को जीत मिली उस दल की परिषद गठित नहीं हो पाई। वहीं, थर्ड जेंडर के कुछ प्रत्याशियों को भी जीत मिली।

### हम पत्रकारों के अनुभवों को जानें-समझें

संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि पत्रकारों के सम्मान के बहाने हम उनके अनुभवों को जानें-समझें। जिनके नाम से सम्मान स्थापित है, उन विभूति हुक्मचंद नारद का परिचय देते हुए बताया कि वे मप्र के पहले वेतनभोगी पत्रकार थे। वे अपने कार्यों के बल पर संस्कारधानी जबलपुर की पहचान बने थे।



### प्रधानमंत्री ने विपक्ष को लिया आड़े हाथ

# सपा-कांग्रेस ने आंबेडकर समेत कई विभूतियों का अपमान किया, हमने हर विचारधारा के नेताओं को दिया 'मान'

**हमारी सरकार ने कांग्रेस नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति मुखर्जी और मुलायम को भारत रत्न दिया**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **65** फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं लगीं प्रेरणा स्थल में | **65** एकड़ में फैला राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल | **230** करोड़ की लागत से बनाया गया | **03** महान विभूतियों को दिया स्थान | **98** हजार वर्ग फीट में फैला अत्याधुनिक संग्रहालय |

**2 हजार बसों से 1.5 लाख लोगों का लगा जमघट**

## पीएम ने लखनऊ में भारत रत्न वाजपेयी की 101वीं जयंती पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर किया लोकार्पण

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर लोकार्पण किया। पीएम ने कहा कि 25 दिसंबर का यह दिन देश की दो महान विभूतियों के जन्म का अद्भुत सुयोग लेकर भी आता है। उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विशाल कांस्य प्रतिमाओं का भी अनावरण किया।

हमारी सरकार ने कांग्रेस नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न देकर सम्मानित किया। मुलायम सिंह यादव को सम्मानित किया। हमने सभी को सम्मान दिया है। इस आयोजन में 2 लाख से अधिक लोगों के शामिल हुए। आयोजन में आसपास के कई जिलों से करीब 2000 बसें आईं। इन महापुरुषों ने भारत की अस्मिता, एकता और गौरव की रक्षा की और राष्ट्र निर्माण में अपनी अमिट छाप छोड़ी। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### एक देश में 2 संविधान नहीं चलेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो विधान दो संविधान नहीं चलेंगे। मुझे खुशी है कि भाजपा सरकार को जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का सौभाग्य मिला और डॉ. मुखर्जी का सपना साकार हुआ। इसे कांग्रेस समेत सारा विपक्ष अपना हथियार मानता था। हमारी सरकार ने एक देश एक संविधान के सपने को साकार किया।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

### करोड़ों भारतीयों ने गरीबी को हराया

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसंघ नेता दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया। आज देश के करोड़ों नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यही तो सच्चा सेकुलरिज्म है। देश के हर नागरिक को सम्मान मिल रहा है। बीते एक दशक में करोड़ों भारतीयों ने गरीबी को हराया है।



पं. दीनदयाल उपाध्याय

### अटल जी ने सुशासन को सही मायने में जमीन पर उतारा

पीएम मोदी ने कहा कि अटल जी ने सही मायने में सुशासन को जमीन पर उतारा। अटल जी की सरकार में ही गांव-गांव तक सड़कें पहुंचाने का काम शुरू हुआ था। देश के गांवों में 8 लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ। अटलजी ने अपना संपूर्ण जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित कर दिया और उनका व्यक्तित्व, कृतित्व व नेतृत्व देश के चहुंमुखी विकास के लिए सदैव पथ-प्रदर्शक बना रहेगा। वे प्रखर वक्ता होने के साथ-साथ ओजस्वी कवि के रूप में भी सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व देश के चहुंमुखी विकास के लिए पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।



अटल बिहारी वाजपेयी

---

## खबर संक्षेप

### अंधेरी में 23 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

**मुंबई।** यहां के अंधेरी वेस्ट इलाके में 23 मंजिला सोरेंटो टावर में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई।



वीरा देसाई रोड स्थित इस इमारत में आग से इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल विभाग की मुस्तैदी के चलते 40 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। राहत की बात है कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### इंडिगो की खराब मौसम के चलते 67 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने गुरुवार को मौसम और कुछ ऑपरेशन कारणों



से 67 उड़ानें रद्द कर दीं। एयरलाइन की वेबसाइट के अनुसार इनमें से केवल 4उड़ानें ऑपरेशन कारणों से रद्द की गईं, जबकि बाकी खराब मौसम की भविष्यवाणी के कारण रद्द हुईं। प्रभावित हवाईअड्डों में अगरतला, चंडीगढ़, देहरादून हैं।

### आप नेता भारद्वाज, झा आदिल पर एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के नेताओं सौरभ भारद्वाज, संजीव झा और आदिल



अहमद खान के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह एफआईआर 17 और 18 दिसंबर को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो को लेकर दर्ज की गई है।

### 10वें फ्लोर से गिरा बुजुर्ग 8वीं मंजिल पर लटका

**सूरत।** गुजरात के सूरत में रौंगटे खड़ा कर देने वाला मामला सामने आया है। 10वीं मंजिल से गिरा



बुजुर्ग जो 8वीं मंजिल की लोहे की खिड़की में फंस कर उल्टा लटक गया। बुजुर्ग को लटका देख बिल्डिंग में रहने वाले लोगों में अफरा तफरी मच गई। फौरन दमकल विभाग को जानकारी दी गई।

### दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी को मिला नन्हा 'बादल'

**जमशेदपुर।** दलमा वाइल्डलाइफ



सेंचुरी में इन दिनों खास रौनक देखने को मिल रही है। यहां रजनी हाथी को एक नया नन्हा दोस्त मिलने वाला है। नन्हे हाथी का नाम बादल रखा गया है, जिसे सारंडा जंगल से रेस्क्यू कर दलमा लाया गया है।

---

### अब उन्नाव मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, एक विशेष याचिका दायर

# महिला वकीलों ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी, उन्होंने सबूतों को समझने में नाकामी बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2017 के उन्नाव दुष्कर्म केस मामले में पूर्व भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनके जेल की सजा निलंबित करने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष याचिका दायर की गई है। मामले में वकील अंजले पटेल और पूजा शिल्पकार की ओर से दायर याचिका में हाई कोर्ट के फैसले पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है। उन्होंने दलील दी कि हाई कोर्ट ने यह विचार किए बिना आदेश पारित किया कि ट्रायल कोर्ट ने सेंगर को शेष जीवन जेल में बिताने योग्य माना था।उन्होंने कहा कि गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड और दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों में उसकी पक्की संलिप्तता के बावजूद सेंगर को सजा निलंबित करके हाई कोर्ट ने कानून और तथ्यों दोनों के मामले में गंभीर गलती की है। हाई कोर्ट पीड़ित पक्ष की ओर से पेश किए गए सबूतों को समझने में नाकाम रहा, जो कि आरोपी की बर्बरता और क्रूरता को दिखाता है। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने परिवार को चुप कराने और न्याय की प्रक्रिया को रोकने के लिए पीड़िता के पिता की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया।

## आरोपः हाई कोर्ट ने कानून और तथ्यों दोनों के मामले में गंभीर गलती की



सुप्रीम कोर्ट

**दिल्ली हाईकोर्ट ने सजा निलंबित की**

### फिलहाल जेल में ही रहेगा आरोपी

23 दिसंबर को, दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म केस में कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी। कोर्ट ने कहा कि सेंगर ने 7 साल और 5 महीने जेल में बिता लिए हैं, इसलिए उनकी सजा को निलंबित किया जाता है। हालांकि सेंगर जेल में ही रहेगा क्योंकि वह पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की सजा काट रहा है और उस मामले में उसे जमानत नहीं मिली है।

### हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दी थी

मामले में हाई कोर्ट ने कई शर्तें लगाते हुए सेंगर को राहत दी थी। कोर्ट ने 15 लाख के पर्सनल बॉन्ड, इतनी राशि की 3 जमानतों और दिल्ली में पीड़िता के घर के 5 किमी के दायरे में न आने जैसी कड़ी शर्तों के साथ उसे राहत दी थी। दिसंबर 2019 में ट्रायल कोर्ट ने नाबालिग के अपहरण और रेप के मामले में सेंगर को दोषी ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ही यह पूरा मामला 2019 में उत्तर प्रदेश से दिल्ली ट्रांसफर किया गया था। फिलहाल अब सुप्रीम कोर्ट यह तय करेगा कि इस मामले में सजा निलंबन का आदेश कानूनन उचित है या नहीं।

### कोर्ट के फैसले के बाद सर्वाइवर ने कहा
### हाईकोर्ट के फैसले को 'काल' बताया

उन्नाव की पीड़िता ने सेंगर की सज़ा को सस्पेंड करने के हाई कोर्ट के फैसले को अपने परिवार के लिए 'काल (मौत)' बताया है। पीड़िता और उसकी मां को हाल ही में दिल्ली में एक प्रोटेस्ट से हटाया गया, जहां उन्होंने सेंगर की बेल को लेकर चिंता जताई थी।

**प्रधानमंत्री से भी मिलने का मांगा समय**

दुष्कर्म पीड़िता और उनकी मां ने मंडी हाउस पहुंचकर विरोध जताने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बल ने उन्हें बीकानेर हाउस से हिरासत में लेकर कुछ घंटे बाद छोड़ दिया। 25 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भी मिलने के लिए समय मांगा है।

पीड़िता ने की कांग्रेस शासित राज्य में पुनर्वास की मांग



### सेंगर कहीं भी पहुंच सकता...

उन्नाव रेप केस मामले की पीड़िता ने अपने जीवन की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई है और सेंगर से बचने के लिए कांग्रेस शासित राज्य में स्थानांतरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि सेंगर कहीं भी पहुंच सकता है। और उनका जीवन खतरे में है।

---

### एएमयू के परिसर में सनसनीखेज वारदात

# शिक्षक दानिश को बदमाशों ने गोलियों से भून डाला

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में स्थित प्रतिष्ठित अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के



परिसर में बुधवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात हुई। एबीके यूनियन हाई स्कूल (एबीके बॉयज स्कूल) में कंप्यूटर विज्ञान के शिक्षक राव दानिश अली (45) की नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना लाइब्रेरी के पास स्थित कैंटीन क्षेत्र में उस समय हुई, जब दानिश अली अपने दो साथियों के साथ रोजाना की तरह शाम की सैर पर थे। दो हमलावर स्कूटी पर सवार होकर आए थे। राव दानिश अली 2015 से इसी स्कूल में पढ़ाते थे। वे एएमयू के पूर्व छात्र रह चुके थे और परिवार का गहरा नाता यूनिवर्सिटी से था।

### बुधवार रात करीब 8:45 बजे हत्या की

सीओ तृतीय सर्वम सिंह के अनुसार घटना रात करीब 8:45 बजे हुई और राव दानिश अली मूल रूप से डिबाई क्षेत्र (बुलंदशहर) के रहने वाले थे। उनका परिवार कई दशक से अमीर निशा मक्खन वाली कोठी के पास रहता है। उनकी मां एएमयू में शिक्षक और पिता एएमयू में कर्मचारी रहे हैं। एएमयू में ही पढ़ाई के बाद खुद राव दानिश अली को भी एबीके बॉयज स्कूल में कंप्यूटर शिक्षक की नौकरी मिल गई थी।

---

**1 से 2 पैसा प्रति किमी की वृद्धि की**

# भारतीय रेलवे ने आज से लागू की नई किराया दरें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने किराया संरचना में संशोधन करते हुए शुक्रवार से नई दरें लागू कर दी हैं। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि उपनगरीय सेवाओं (लोकल ट्रेन), सीजन टिकटों और 215 किमी तक की द्वितीय श्रेणी (साधारण) की यात्रा के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। आरक्षण शुल्क और सुपरफास्ट चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्लीपर और प्रथम श्रेणी (साधारण) में केवल 1 पैसा प्रति किमी और मेल व एक्सप्रेस ट्रेन की सभी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किमी वृद्धि की है।

---

### गठबंधन करते उद्धव और राज को लगा बड़ा झटका

# महासचिव दिनकर सहित शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गुरुवार को नासिक जिले में राज ठाकरे की एमएनएस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को बड़ा झटका



लगा है। दोनों दलों के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए। इनमें एमएनएस के पूर्व विधायक नितिन भोसले, शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व मेयर विनायक पांडे, एमएनएस के पहले मेयर यतिन वाघ, कांग्रेस नेता शाहू खैरे और संजय चव्हाण है। इसमें मनसे के प्रदेश महासचिव दिनकर पाटिल का भी नाम है।

### भाजपा की विचारधारा में जताया विश्वास

**निरुपम ने गठबंधन पर बोला हमला**

### खान-पठान के साथ आए, मुंबई में खतरा

उद्धव और राज ने बीएमसी चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया है। शिंदे गुट के नेता संजय निरुपम ने उद्धव और राज के गठबंधन पर हमला बोला है। सीएम फडणवीस का समर्थन करते हुए आरोप लगाया कि ठाकरे परिवार की राजनीति अब 'जिहादी मानसिकता' के इर्द-गिर्द है।

### राहुल ने की कर्नाटक सरकार की तारीफ वैष्णव ने सराहा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोशल



मीडिया पर कर्नाटक सरकार की तारीफ की। बेंगलुरु स्थित फॉक्सकॉन के वूमेन लेड आईफोन यूनिट में रिकॉर्ड भर्ती का उल्लेख किया, जिसमें लोगों को नौकरी मिली। राहुल की पोस्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर थैंक यू लिखा है।

## ट्रिनिटी चर्च में क्रिसमस पर प्रार्थना



**नई दिल्ली।** गुरुवार को नई दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित होली ट्रिनिटी चर्च में क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान ईसाई श्रद्धालु प्रार्थना करने के लिए जमा हुए।

---

### कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलाव की अटकलों को फिर मिली हवा

# खरगे ने शिवकुमार से की मुलाकात, 'सियासी बात' नहीं की

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर हलचल बढ़ गई है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बेंगलुरु स्थित आवास पर मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब कांग्रेस सरकार अपने कार्यकाल के आधे रास्ते पर पहुंच चुकी है। मुलाकात के बाद शिवकुमार ने साफ किया कि उन्होंने कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं उठाया। उनके अनुसार चर्चा केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की जगह नए कानून लाने और उस पर पार्टी के रुख को लेकर थी।

## मनरेगा की जगह नए कानून लाने और आंदोलन पर चर्चा की



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार

### नेतृत्व विवाद पर बवाल

कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तब और तेज हुईं, जब सरकार ने पांच साल के कार्यकाल का आधा समय पूरा किया। हालांकि, खरगे पहले ही कह चुके हैं कि नेतृत्व को लेकर भ्रम केवल स्थानीय स्तर पर है, हाईकमान में नहीं। शिवकुमार ने इसे वरिष्ठ नेता की सलाह बताते हुए कहा कि पार्टी के अंदरूनी मामलों का समाधान संगठन के भीतर ही होगा।

**मेरे लिए पद प्राथमिक नहीं**

शिवकुमार ने खुद को आजीवन पार्टी कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस के लिए हर स्तर पर काम किया है। पोस्ट या पद उनके लिए प्राथमिक नहीं है। जब उनसे मेहनत का इनाम मिलने पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### मनरेगा पर बड़ा आंदोलन करेंगे शिवकुमार बोले

शिवकुमार ने केंद्र की नई योजना पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह गरीबों, मजदूरों और किसानों के खिलाफ है। उन्होंने संकेत दिए कि राज्य कांग्रेस मनरेगा की बहाली के लिए बड़ा आंदोलन करेगी। 27 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस मुद्दे पर रणनीति तय की जाएगी।

---

### सुवेंदु ने दीपू के पिता से की बात


# कानून पर उठाए सवाल घटना की जानकारी ली

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में एक हिंदू मजदूर की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना ने भारत और बांग्लादेश दोनों में गहरी चिंता पैदा कर दी है। इस मामले में पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने पीड़ित के पिता से फोन पर बात कर संवेदना जताई और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। यह मामला अब केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़ा बड़ा सवाल बन गया है।

### सोशल मीडिया से मिली जानकारी

पीड़ित के पिता राबिलाल चंद्र दास ने बताया कि उन्हें बेटे की मौत की



जानकारी सबसे पहले सोशल मीडिया के जरिए मिली। रिश्तेदारों से पता चला कि दीपू को पेड़ से बांधकर पीटा गया और केरोसिन डालकर आग लगा दी थी। हत्या के बाद उसका शव ढाका-मयमनसिंह हाईवे के किनारे छोड़ दिया गया।

## बांग्लादेश के ढाका में भव्य स्वागत

# 17 साल बाद लौटे तारिक रहमान, अब तेज होगा घमासान

*मार्टिन लूथर किंग जूनियर के मशहूर उद्धरण 'मेरा एक सपना है' का ज़िक्र करते हुए, तारिक रहमान ने कहा कि मेरे पास एक प्लान है। उन्होंने संकेत दिया कि उनके पास देश बनाने का एक प्लान है और उन्होंने हर नागरिक से सहयोग की अपील की, यह कहते हुए कि केवल सामूहिक समर्थन से ही प्लान को सफलतापूर्वक लागू किया जा सकता है*


तारिक रहमान सम्मेलन को संबोधित करते हुए

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान गुरुवार को ढाका पहुंच गए। वह 17 साल के अंतराल के बाद ब्रिटेन से स्वेदश लौटे हैं। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्यों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। उनके साथ उनकी पत्नी जुबैदा रहमान और बेटी जैमा रहमान भी थीं। तारिक रहमान ने बांग्लादेश पहुंचने पर ढाका में एक विशाल रैली को भी संबोधित किया, जहां उन्होंने भविष्य की अपनी योजनाओं समेत कई मुद्दों पर बात की। तारिक रहमान ने कहा कि जिस तरह देश के लोगों ने 1971 में आजादी हासिल की थी, उसी तरह 2024 में समाज के सभी स्तरों के लोगों ने मिलकर देश की आजादी और संप्रभुता की रक्षा की। आज, बांग्लादेश के लोग बोलने का अपना अधिकार वापस पाना चाहते हैं। वे अपने लोकतांत्रिक अधिकार वापस पाना चाहते हैं।

### सुरक्षित बांग्लादेश बनाने पर दिया जोर

### बोलने का अधिकार वापस देना चाहते


तारिक रहमान का स्वागत करते समर्थक

### लोकतांत्रिक नींव पर देश का निर्माण हो

*तारिक रहमान ने इस बात पर जोर दिया कि युवा पीढ़ी भविष्य में देश का नेतृत्व करेगी। उन्होंने मजबूत आर्थिक स्थिरता के साथ लोकतांत्रिक नींव पर देश के निर्माण पर जोर दिया, और बार-बार दोहराया कि हम देश में शांति चाहते हैं। रहमान ने कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे और अपना बांग्लादेश बनाएंगे। उन्होंने वहाँ मौजूद सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया।*

### सभी मिलकर काम करें

तारिक रहमान ने आगे कहा कि देश को बनाने के लिए अब सभी को मिलकर काम करने का समय आ गया है। उन्होंने बांग्लादेश की विविधता पर जोर दिया, यह बताते हुए कि यह देश पहाड़ों और मैदानों के लोगों, मुसलमानों, हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों का घर है। उन्होंने एक सुरक्षित बांग्लादेश बनाने के लक्ष्य पर ज़ोर दिया, एक ऐसा देश जहां हर महिला, पुरुष या बच्चा अपने घर से निकलकर सुरक्षित वापस लौट सके।

### बांग्लादेश के लिए एक प्लान है

मार्टिन लूथर किंग जूनियर के मशहूर उद्धरण 'मेरा एक सपना है' का ज़िक्र करते हुए, तारिक रहमान ने कहा कि मेरे पास एक प्लान है। उन्होंने संकेत दिया कि उनके पास देश बनाने का एक प्लान है और उन्होंने कहा कि केवल सामूहिक समर्थन से ही प्लान को सफलतापूर्वक लागू किया जा सकता है।

### लोगों को आर्थिक अधिकार मिलें

उन्होंने कहा कि देश के लोगों को उनके आर्थिक अधिकार वापस मिलें। भविष्य का बांग्लादेश उसी तरह बनाया जाना चाहिए जैसा सोचा गया था। यह उसी तरह हो जैसा 1971 और 2024 में शहीद हुए लोगों ने सोच रखा था।

**अवामी लीग का आरोप**

## ये बैकडोर डील का हिस्सा

*लंबे निर्वासन के बाद बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान की देश वापसी को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है। अवामी लीग के छात्र संगठन ने आरोप लगाया है कि यह वापसी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं, बल्कि एकतरफा चुनाव कराने की 'बैकडोर डील' का हिस्सा है। बांग्लादेश छात्र लीग के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने कहा कि तारिक रहमान की घर वापसी से देश में स्थिरता नहीं आएगी, बल्कि राजनीतिक ध्रुवीकरण और बढ़ेगा। उनका दावा है कि यह पूरा घटनाक्रम अवैध सरकार और बीएनपी-जमात गठबंधन के बीच एक समझौते का नतीजा है, जिसका मकसद चुनाव को पहले से तय नतीजों की ओर ले जाना है।*

### एक और हिंदू युवक की हत्या

*बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले के पांगशा उपजिला में बुधवार रात एक और हिंदू युवक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, युवक पर जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) का आरोप लगाया गया था। यह घटना रात करीब 11 बजे कलीमोहर यूनियन के होसेंदंगा गांव में हुई। पांगशा सर्कल के सहायक पुलिस अधीक्षक देब्रत सरकार ने बताया कि मृतक की पहचान अमृत मंडल, उर्फ सम्राट, के रूप में हुई है। पुलिस ने सम्राट को गंभीर हालत में भीड़ से बचाया। उसे तुरंत पांगशा उपजिला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान रात करीब 2 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।*

**अंतरिम सरकार का ऐलान**

## फरवरी के चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकेगी अवामी लीग

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग



फरवरी 2026 में होने वाले राष्ट्रीय संसदीय चुनावों में हिस्सा नहीं ले सकेगी। सरकार ने कहा है कि पार्टी की गतिविधियों पर प्रतिबंध होने के कारण उसे चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सलाहकार परिषद की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अवामी लीग की राजनीतिक गतिविधियां प्रतिबंधित हैं और चुनाव आयोग ने पार्टी का पंजीकरण भी रद्द कर दिया है, इसलिए वह आगामी चुनाव में भाग नहीं ले सकती।

**पूर्व पीएम हसीना बोलीं**

## चुनाव नहीं ताजपोशी होगी

चुनाव से बाहर किए जाने पर पूर्व पीएम शेख हसीना ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि अवामी लीग के बिना चुनाव, चुनाव नहीं बल्कि ताजपोशी होगी। हसीना



ने कहा कि जब लोगों को अपनी पसंदीदा पार्टी को वोट देने का मौका नहीं मिलता, तो वे वोट ही नहीं करते। अगर अवामी लीग पर प्रतिबंध जारी रहा, तो लाखों लोग मतदान से वंचित हो जाएंगे। ऐसे चुनाव से बनने वाली सरकार के पास शासन करने का नैतिक अधिकार नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय बांग्लादेश को राष्ट्रीय मेल-मिलाप की सख्त जरूरत है और यह फैसला एक बड़ा अवसर चूकने जैसा है। बता दें, जुलाई में हुए छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार सत्ता से हट गई थी। फरवरी 2026 में बांग्लादेश में चुनाव होंगे।

## सुरक्षा में 4,000 सैन्य कर्मी तैनात


रहमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ढाका में करीब 4,000 सैन्य कर्मी, अर्धसैनिक बल बॉर्डर गार्ड बांगलादेश (बीजीबी), दंगा नियंत्रण उपकरणों में सुसज्जित पुलिसकर्मी और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। एक वीडियो में रहमान ने कहा कि मैं अपनी और अपने परिवार की ओर से आपका धन्यवाद करता हूं। खासकर, मेरी सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों के लिए कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। रहमान ढाका के एवरेकेयर अस्पताल में अपनी मां और बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया (88) से मिलने जाएंगे। तीन बार पीएम चुकी हैं जिया अस्पताल के 'इंटेंसिव केयर यूनिट' (आईसीयू) में इलाज करा रही हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### अस्पताल में 8 घंटे इंतजार के बाद भारतीय की मौत

**टोरंटो।** कनाडा के एक अस्पताल में भारतीय मूल के 44 साल के



प्रशांत श्रीकुमार को करीब 8 घंटे तक इंतजार करवाने की वजह से मौत हो गई। 22 दिसंबर को उनके सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद उन्हें एडमॉन्टन्स ग्रे नन हॉस्पिटल ले गया। अस्पताल के कर्मचारियों ने प्रशांत का ईसीजी करने के बाद कहा कि ज्यादा गंभीर बात नहीं है। उन्हें टॉयलेनोल की कुछ गोलियां दी गई। वेटिंग एरिया में इंतजार करने को कहा गया।

### मस्जिद में विस्फोट, 5 की मौत, 35 घायल

**लागोस।** नाइजीरिया के उत्तर पूर्वी राज्य मैदुगुरी में बुधवार रात एक



मस्जिद में नमाज के दौरान बम विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और 35 लोग घायल हो गए। बोर्नो राज्य के पुलिस कमान के प्रवक्ता नाहूम दासो ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जांच से लगता है कि यह आत्मघाती बम विस्फोट हो सकता है, क्योंकि संदिग्ध आत्मघाती जैकेट के टुकड़े बरामद हुए हैं और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए गए हैं। घटना के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बताया 'एक बड़ी सफलता'

# ओडिशा में मुठभेड़ में 1.1 करोड़ के इनामी गणेश उइके समेत 6 नक्सली मारे गए

**2 महिलाओं समेत 3 की पहचान नहीं हुई कई क्षेत्रों में अभियान अभी भी जारी**

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

ओडिशा के कंधमाल जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी गणेश उइके सहित छह नक्सली मारे गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'एक बड़ी सफलता' बताया, जबकि सीएम मोहन चरण माझी ने इसे 'नक्सल मुक्त भारत' के निर्माण की दिशा में एक 'उल्लेखनीय सफलता' बताया। राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रहे एक वरिष्ठ अधिकारी संजीब पांडा ने बताया कि भाकपा (माओवादी) केंद्रीय समिति के सदस्य उइके ओडिशा में प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख था और उस पर 1.1 करोड़ रुपए का इनाम था। बुधवार रात बेलघर थाना क्षेत्र के गुम्मा जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ के दो माओवादी मारे गए।


नक्सली गणेश उइके

उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह चकापाड थाना क्षेत्र के एक जंगल में फिर से मुठभेड़ हुई, जिसमें उइके समेत 4 अन्य माओवादी मारे गए। उनमें से एक की पहचान 69 वर्षीय गणेश उइके के रूप में हुई है। वह तेलंगाना के नलगोंडा जिले के चेंदूर मंडल के पुल्लेमाला गांव का निवासी था। गणेश उइके को पक्का हनुमंतु, राजेश तिवारी, चमरू और रूपा के नाम से भी जाना जाता है। अधिकारी ने बताया कि दो महिलाओं समेत अन्य तीन नक्सलियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### नक्सलवाद को जड़ से खत्म करेंगे: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ओडिशा के कंधमाल में चलाये गये एक बड़े अभियान में केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके समेत छह नक्सलियों को मार गिराया गया है। इस बड़ी सफलता के साथ ओडिशा नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त होने की कगार पर है। हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### हिडमा के बाद बड़ी कार्रवाई

गणेश उइके का मारा जाना हिडमा के बाद बड़ी कार्रवाई है। 18 नवंबर को कुख्यात माओवादी कमांडर माडवी हिडमा (43) को सुरक्षाबलों ने आंध्र प्रदेश में ढेर कर दिया था। उस पर 2013 के दरभा घाटी नरसंहार और 2017 का सुकमा हमला सहित कम से कम 26 सशस्त्र हमलों का जिम्मेदार था। उस पर एक करोड़ का इनाम था।

### सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्रथमिकता

*ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आज ओडिशा ने 'नक्सल मुक्त भारत' के निर्माण के अभियान में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हम नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। राज्य का विकास और जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शांति और प्रगति ही ओडिशा के भविष्य की दिशा तय करेगी।*



### दो राइफल जब्त

*पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाईबी खुरानिया ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर गुरुवार की सुबह कंधमाल जिले के चाकापड़ पुलिस थाना क्षेत्र और गंजाम जिले के राम्भा वन रेंज से सटे इलाकों में ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान दल की 20, सीआरपीएफ की दो और बीएसएफ के एक दल समेत 23 दलों को शामिल करते हुए एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। बुधवार को दो नक्सली मारे गए और गुरुवार सुबह चार अन्य मारे गए। बुधवार रात मारे गए नक्सलियों की पहचान भाकपा (माओवादी) के क्षेत्र समिति सदस्य बारी उर्फ राकेश और दलम सदस्य अमृत के रूप में हुई है, दोनों छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। गुरुवार को मारे गए 4 लोगों के पास से दो राइफल और .303 की एक राइफल भी जब्त की गई।*

### अमेरिका से ट्रेड डील पर बनेगी बात!

## ट्रंप के खास सर्गियो से मिले क्वात्रा, व्यापार पर की चर्चा


### द्विपक्षीय साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका ने आर्थिक संबंधों को और गहरा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। वॉशिंगटन में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने सर्जियो गोर के साथ मुलाकात और बात की है। इसमें व्यापार संबंधों के साथ ही नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया। विनय मोहन क्वात्रा और सर्जियो गोर के बीच यह बैठक 'मार-ए-लागो' में हुई, जहां दोनों राजदूतों ने साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

ट्रंप के करीबी माने जाने वाले सर्जियो गोर भारत में अगले अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्यभार संभालने की तैयारी कर रहे हैं। इसी बीच दोनों देशों के राजदूतों की मुलाकात हुई। भारत के राजदूत क्वात्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में इस मीटिंग का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि मार-ए-लागो में सर्जियो गोर से मिलकर खुशी हुई। इस दौरान व्यापार संबंधों को मजबूत करने के हमारे साझा लक्ष्यों पर व्यापक चर्चा हुई, साथ ही, भारत में अमेरिका के राजदूत के तौर पर अपनी जिम्मेदारी संभालने की तैयारी कर रहे गोर ने अपनी योजनाओं और प्राथमिकताओं के बारे में भी बताया।


विनय क्वात्रा (बाएं), सर्जियो गोर

### रिश्तों में सुधार की कोशिश

*क्वात्रा ने कहा कि बातचीत में इंडिया-अमेरिका पार्टनरशिप के भविष्य की दिशा पर भी बात हुई। वहीं, वहीं, सर्जियो गोर ने भी एक्स पर अलग पोस्ट में इस मुलाकात को सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि यह मार-ए-लागो में क्वात्रा की पहली यात्रा थी। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मिलना हमेशा सुखद होता है। उन्होंने क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। भारत और अमेरिका के बीच एक बड़े व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की तैयारी है। भारत चाहता है कि कुछ भारतीय निर्यात पर लगे टैरिफ को हटाया जाए। बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाना चाहते हैं और निवेश को बढ़ावा देना चाहते हैं।*

---

### इसी सप्ताह अरिघात पनडुब्बी से किया गया यह परीक्षण

## नौसेना ने परमाणु पनडुब्बी से दागी 'के-4' मिसाइल, 3500 किमी के लक्ष्य को भेदेगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वर्तमान में पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी सीमाओं पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच भारतीय नौसेना ने अपनी जबरदस्त समुद्री शक्ति का प्रदर्शन करते हुए



परमाणु चालित पनडुब्बी 'आईएनएस अरिघात' से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'के-4' का बंगाल की खाड़ी में परीक्षण किया है। ये मिसाइल अपने साथ एक बार में 2 टन तक परमाणु मारक सामग्री लेकर करीब 3 हजार 500 किमी की दूरी पर मौजूद लक्ष्यों को आसानी से भेद सकती है। सूत्रों ने बताया कि परीक्षण को नौसेना ने इसी सप्ताह मंगलवार को विशाखापट्टनम के समुद्र तट से किया है। क्योंकि अरिघात एक परमाणु चालित पनडुब्बी है, जिसका कुल वजन 6 हजार टन है। इसलिए यह प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली त्रि-सैन्य स्तरीय सामरिक बल कमांड (एसएफसी) के पूर्णतः नियंत्रण में रहती है। परमाणु हथियारों का निर्माण भारत ने रक्षात्मक दृष्टिकोण और जिस परमाणु सिद्धांत के साथ किया है।

वो इन हथियारों का कभी भी पहले इस्तेमाल न करने की नीति (नो फर्स्ट यूज) पर आधारित है। फिलहाल रक्षा मंत्रालय या केंद्र सरकार ने इस परीक्षण की आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं की है। उधर, जानकारों ने कहा कि इस परीक्षण से पाकिस्तान, बांग्लादेश के साथ ही चीन को भी कड़ा संदेश चला गया है। जिसमें भारत ने ये बता दिया है कि अगर उसका कोई भी पड़ोसी अकारण ही उसे परेशान करेगा। तो उसे उसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा।

### पिछले साल कमीशन हुई अरिघात

*अरिघात पनडुब्बी नौसेना के जंगी बेड़े में पिछले साल अगस्त 2024 में शामिल हुई थी। यह देश की दूसरी परमाणु चालित पनडुब्बी है। पहली आईएनएस अरिहंत है, जो वर्ष 2016 में कमीशन हुई और 2018 में ये पूरी तरह ऑपरेशनल हो गई थी। इस पर महज 750 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम के-15 सागरिका मिसाइल लगी हुई है। परमाणु चालित पनडुब्बियां नौसेना में यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन (एसएसबीएन) श्रेणी के रूप में जानी जाती हैं।*

### परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण में अग्रसर देश

*भारत एस-5 श्रेणी की परमाणु चालित पनडुब्बियों के डिजाइन सहित निर्माण की दिशा में भी अग्रसर है। इनका कुल वजन 13 हजार 500 टन होगा और इनसे करीब 5 से 8 हजार किलोमीटर की दूरी तक मार करने में सक्षम के-5 मिसाइल तैनात की जाएंगी। भारत एसएसबीएन श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को अगले साल 2026 के मध्य में कमीशन करेगा। चौथी 2027-28 तक बल की सेवा में आने की उम्मीद है। एक दशक पहले 90 हजार करोड़ की लागत के साथ यह योजना शुरू की थी।*

### ट्रंप की बल्ले-बल्ले, पुराने लॉटरी सिस्टम को खत्म करने के लिए बढ़ेंगे हौसले

## एच1बी वीजा की 1 लाख डॉलर की फीस बढ़ोतरी को अमेरिकी कोर्ट की हरी झंडी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका जाकर दुनिया में अपना नाम कमाने का सपना संजोए देश के तमाम युवा छात्रों, आईटी व अन्य क्षेत्रों से जुड़े




हुए पेशेवरों को अब एच1बी वीजा लेने के लिए 1 लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपए से अधिक) की आवेदन फीस का अगले साल 27 फरवरी 2026 से अनिवार्य रूप से भुगतान करना पड़ेगा। क्योंकि इस संबंध में अमेरिका की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फीस बढ़ोतरी के निर्णय को शत-प्रतिशत सही ठहराते हुए उस पर अपनी मुहर लगा दी है। साथ ही ये भी कहा है कि ट्रंप प्रशासन अपने इस फैसले के साथ बेधड़क आगे बढ़ सकता है।

### ट्रंप ने नहीं लांघी अधिकार क्षेत्र की सीमा: न्यायाधीश हॉवेल

*अमेरिका के जिला न्यायाधीश बेरिल हॉवेल ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस लोकप्रिय वीजा कार्यक्रम की लागत में भारी वृद्धि का आदेश देकर अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर रहकर ही काम किया है। उनका ये फैसला अमेरिका के कर्मियों को रोजगार प्रदान करने के प्रयासों को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा न्यायाधीश ने अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स के उस तर्क को भी खारिज कर दिया कि अमेरिका के राष्ट्रपति के पास इस तरह की फीस बढ़ोतरी करने का कोई अधिकार नहीं है। राष्ट्रपति को आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं से जुड़े हुए मुद्दों पर कांग्रेस द्वारा प्रदान किया गया निर्णय लेने का अधिकार है।*




# इस साल भारतीय क्रिकेट टीम ने नई ऊंचाईयों को तो छुआ, मगर कहीं खा गए मात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली भारतीय क्रिकेट टीम ने साल 2025 में एक परिवर्तनकारी दौर से गुजरी। इस साल आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहने के बाद टीम को शुभमन गिल के रूप में एक युवा कप्तान मिला।

रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद गिल को नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। टेस्ट क्रिकेट में टीम का प्रदर्शन मिला-जुला रहा, वहीं सीमित ओवर क्रिकेट में टीम ने नई ऊंचाइयों को छुआ।

## साल 2025 में टीम इंडिया ने हासिल की उपलब्धियां, साथ में निराशा भी

### अपराजित रहते हुए जीता चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

भारतीय टीम मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी को 3 बार जीतने वाली पहली टीम बनी थी। रोहित की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने दुबई में खेले गए एकतरफा फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर यह उपलब्धि हासिल की थी। खास बात यह रही कि टीम ने बिना कोई मैच हारे खिताब जीता था। टूर्नामेंट में यह उनका लगातार तीसरा फाइनल था। इसके साथ ही भारत ने अपना 7वां आईसीसी खिताब जीता, जो किसी भी टीम के लिए दूसरा सबसे अधिक खिताब हैं।

### ओवल टेस्ट में दर्ज की ऐतिहासिक जीत

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के समापन के बाद गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर गई। कड़े मुकाबले वाली एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी में भारत ने अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई। पांच टेस्ट मैचों में 1,000 से अधिक गेंदें फेंकने वाले मोहम्मद सिराज ने ओवल में निर्णायक जीत दिलाकर सीरीज बराबर की। उनकी 143 किमी प्रति घंटे की यॉर्कर ने भारत को 6 रन से जीत दिलाई। इंग्लैंड 374 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई।



### रोहित-कोहली की वापसी

भारत ने अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया और 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली। रोहित को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। लगातार 2 मैचों में शून्य पर आउट होने वाले कोहली ने आखिरी वनडे में अर्धशतक बनाया।

### भारत ने जीता एशिया कप में अपना 9वां खिताब

इसके बाद भारतीय टीम सितंबर में टी-20 एशिया कप के लिए यूएई गई। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने फाइनल समेत अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3 बार हराकर अपराजित रहते हुए जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा ने पूरे अभियान में अहम भूमिका निभाई। फाइनल में तिलक वर्मा ने 53 गेंदों पर 69* रनों की अपनी स्थिर पारी से महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत ने अपना 9वां एशिया कप खिताब (वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मिलाकर) जीता।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में हार

वेस्टइंडीज को हराने के बाद भारत कोलकाता टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका से 30 रनों से हार गया। भारत 124 रनों के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाया। गुवाहाटी में जीत हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 2-0 से हराया। प्रोटियाज ने 548 रनों का सफलतापूर्वक बचाव किया और अंतिम दिन भारत को 140 रनों पर ऑल आउट कर दिया। इससे दक्षिण अफ्रीका ने साल 2000 के बाद भारत में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रहा।

### भारत की टेस्ट टीम के लिए एक और बड़ी निराशा

गुवाहाटी में भारत को टेस्ट क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी हार (408 रन) मिली, जिसने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली 342 रनों की हार का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 3-0 से हार मिली थी।

### भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीती वनडे और टी-20 सीरीज

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत ने शानदार वापसी की। इस सीरीज में भारत ने 2-1 से जीत हासिल की और कोहली ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दोहराया। सीरीज में उन्होंने 2 लगातार शतक और एक अर्धशतक जड़ा। इसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। इसके बाद, भारत ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को 3-1 से हराया। यह भारत की लगातार 8वीं द्विपक्षीय टी-20 सीरीज जीत थी।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिपः श्रुति और पारुल अगले दौर में

**विजयवाड़ा।** अनुभवी शटलर श्रुति मुंडाडा तथा उभरती खिलाड़ी पारुल चौधरी और तन्वी पात्री ने राष्ट्रीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में गुरुवार को अपने से अधिक रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को हराकर महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। श्रुति ने सातवीं वरीयता प्राप्त जिया रावत को 21-14, 21-9 से, जबकि पारुल ने नौवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 18-21, 21-18, 21-12 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तन्वी पात्री ने आठवीं वरीयता प्राप्त इशरानी बरुआ को 22-20, 21-19 से हराकर उलटफेर किया।शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुडा, दूसरी वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय, तीसरी वरीयता प्राप्त अनमोल खरब और विश्व जूनियर रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी अगले दौर में पहुंच गईं हैं।

### जीव कोलंबो में जीते पुखराज रहे टॉप पर

**कोलंबो।** भारत के महान गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने 13 साल का इंतजार खत्म करते हुए आईजीपीएल आमंत्रण श्रीलंका टूर्नामेंट जीतकर आईजीपीएल के पहले सत्र का शानदार अंत किया। वर्ष 2012 के बाद से प्रो टूर्नामेंट नहीं जीत सके 54 साल के जीव ने छह अंडर 65 और कुल 15 अंडर का स्कोर करके आर्यन रूपा आनंद को एक शॉट से हराया। भारत के ही पुखराज सिंह गिल संयुक्त 12वें स्थान पर रहने के बावजूद आईजीपीएल आर्डर आफ मेरिट जीत गए। उन्होंने अमन राज और गगनजीत भुल्लर को मामूली अंतर से हराया।

### बीडीसीए का दो दिनी सिलेक्शन ट्रायल कल से

**भोपाल।** भोपाल संभाग क्रिकेट संघ(बीडीसीए) की चयन प्रक्रिया 27-28 दिसंबर को एमवाय सीनियर मेन्स इंटर डिविजनल (मल्टी डेज) टूर्नामेंट के लिए भोपाल डिविजन क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया (सिलेक्शन ट्रायल्स) 27-28 दिसंबर (शनिवार, रविवार ) सुबह 9 बजे से ओल्ड कैंपियन मैदान पर मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी में आयोजित की गई, इस सिलेक्शन ट्रायल में भोपाल संभाग से इस वर्ष के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। सचिव डॉ. सुशील सिंह ने बताया कि सभी खिलाड़ी को अपने साथ बीडीसीए का रजिस्ट्रेशन कार्ड और सफेद (व्हाइट किट) किट मैं आना अनिवार्य है। वहीं उन्होंने कहा कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी प्रदीप देशमुख (चेयरमैन) और राजीव सक्सेना (संयोजक) से संपर्क कर सकते हैं।

## एशेज सीरीज 2025-26: फिलहाल 3-0 से आगे चल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम

# चौथा बॉक्सिंग डे टेस्ट आज से : ऑस्ट्रेलिया की कमान संभालेंगे स्मिथ, इंग्लैंड ने किए कई बदलाव

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

एशेज सीरीज 2025-26 का चौथा और बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त ले चुकी है।

पैट कमिंस चोटिल होने के कारण चौथे मुकाबले से बाहर हो गए हैं। ऐसे में एक बार फिर स्टीव स्मिथ कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। इंग्लैंड ने भी अपनी प्लेइंग इलेवन में कई बदलाव किए हैं। ऐसे में जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार चार टेस्ट मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाने आतुर है वहीं इंग्लैंड किसी भी प्रकार एक टेस्ट मैच ड्रा कराकर या जीतकर ऑस्ट्रेलिया के विजयरथ को रोकना चाहेगी।

### इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अब तक 364 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान कंगारू टीम को 155 मुकाबलों में जीत मिली है। इंग्लैंड ने 112 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 97 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच अब तक 188 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 102 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं और 57 में उसे हार मिली है। 29 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए।



### इंग्लैंड टीम

इंग्लैंड की टीम में जोफ्रा आर्चर और ओली पोप को शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह जेकब बेथेल और गस एटकिंसन की वापसी हुई है। आर्चर चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हुए हैं। पोप को उनकी खराब फॉर्म के कारण प्लेइंग इलेवन से बाहर किया गया है।

**इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और जोश टंग।

### ऑस्ट्रेलिया टीम

ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट के लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम में तेज गेंदबाजों को ज्यादा मौके मिले हैं। नाथन लियोन चोटिल होने के कारण इस टेस्ट से बाहर हो गए हैं। हालांकि, इसके बावजूद टीम काफी मजबूत नजर आ रही है।

**ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन :** ट्रेविस हेड, जेक वेदराल्ड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड, ब्रेंडन डॉगेट और माइकल नेसर/ झाय रिचर्डसन।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें



हेड ने पिछले 10 टेस्ट मैच में 42.17 की औसत से 759 रन बनाए हैं। केरी के बल्ले से पिछले 10 मुकाबलों में 53.07 की शानदार औसत से 743 रन निकले हैं। इंग्लैंड के लिए रूट ने पिछले 10 मुकाबलों में 54.75 की शानदार औसत से 876 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में स्टार्क ने पिछले 10 मैच में 51 विकेट चटकाए हैं। इंग्लैंड के लिए स्टोक्स ने पिछले 9 मुकाबलों में 32 विकेट अपने नाम किए हैं।

## न्यूजीलैंड से होगी भिड़ंत

# नए साल की पहली वनडे सीरीज जीतने उतरेगी शुभमन ब्रिगेड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 11 जनवरी, 2026 से न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी है। भारतीय टीम ने नवंबर 2025 में अपनी पिछली वनडे सीरीज दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के विरुद्ध खेली थी और उसे 2-1 से जीता था। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत आगामी सीरीज में कीवी टीम के खिलाफ भी उम्दा प्रदर्शन करना चाहेगी। इस बीच भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे क्रिकेट के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।



### भारत का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों टीमों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। क्रिकइंफो के मुताबिक, दोनों टीमें कुल 120 वनडे में आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 62 मैच भारत ने जीते हैं और 50 में शिकस्त का सामना किया है। इस बीच 7 मैच बेनतीजा रहे हैं और 1 मैच टाई रहा है। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर 397 रन और न्यूनतम स्कोर 88 रन बनाया है।

### भारत में कोई वनडे सीरीज नहीं जीत सकी है न्यूजीलैंड की टीम

अब तक दोनों टीमें कुल 17 द्विपक्षीय वनडे सीरीज में आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 9 सीरीज भारतीय टीम ने जीती हैं और 6 सीरीज न्यूजीलैंड ने अपने नाम की हैं। इस बीच 2 सीरीज ड्रॉ रही हैं। अपने देश में खेलते हुए भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सभी 7 सीरीज जीती है। दिलचस्प रूप से कीवी टीम ने 1988 में भारत में पहली बार सीरीज खेली थी और अब तक सीरीज नहीं जीती है।

### न्यूजीलैंड से इन खिलाड़ियों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

रॉस टेलर ने भारत के खिलाफ 47.75 की औसत से 1,385 रन (शतक-3) बनाए थे। भारत के विरुद्ध केन विलियमसन ने 44.25 की औसत से 1,239 रन, और डेरिल मिचेल ने 48.62 की औसत से 389 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में टिम साउथी ने भारतीय टीम के खिलाफ 24 पारियों में 36.23 की औसत से 38 विकेट लिए थे। काइल मिल्स ने 34.53 की औसत से 29 पारियों में 32 विकेट लिए थे।

## मंडीदीप के खिलाड़ियों का बढ़ता दबदबा

# नेटबॉल राष्ट्रीय अंडर-19 में पहुंचे नगर के 6 खिलाड़ी

**सभी वर्गों में शहर के 21 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडीदीप



औद्योगिक शहर के खिलाड़ी नेटबॉल खेल में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत कर्नाटक में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश की अंडर-19 टीम में मंडीदीप के 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

यह चयन सतना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया। चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग से नमन यादव, शिवाशु शुक्ला, नितेश यादव और वैभव साहू तथा बालिका वर्ग से खुशी यादव व अर्पिता सुतार शामिल हैं। नेटबॉल प्रशिक्षक निसार उल्ला ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम में मंडीदीप के 14 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। इनमें से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर जगह मिली है। उन्होंने आगे कहा कि मंडीदीप के खिलाड़ी अंडर-19 के अलावा अंडर-17 और अंडर-14 वर्ग में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। निसार उल्ला ने यह भी बताया कि पिछले लगभग 15 वर्षों से चावरा स्कूल के खिलाड़ी मध्य प्रदेश की विभिन्न टीमों में अपना प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

इस वर्ष नेटबॉल के सभी आयु वर्गों में संस्था के कुल 21 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना एक बड़ी उपलब्धि है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर स्कूल प्राचार्य फादर लीजो और फादर अलेक्स सहित पूरे स्कूल स्टाफ ने हार्दिक बधाई दी। साथ ही जिला रायसेन नेटबॉल संघ के पदाधिकारी रवीश अग्रवाल, सद्दाम खान, जुबैर खान, उर्वशी वर्मा और प्रिया वर्मा ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## ध्यानचंद स्टेडियम में पुरस्कार वितरण के साथ सांसद खेल का समाचन

**ग्रामीण प्रतिभाओं ने दिखाए हुनर**

# सांसद खेल महोत्सव में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवाओं को मिलेंगे और आगे बढ़ने के अवसरः सांसद आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्व अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्मजयंती पर 'सांसद खेल महोत्सव' के समापन समारोह के दौरान देशभर के खेल प्रेमियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से वर्चुअल जुड़कर संवाद भी किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि भोपाल लोकसभा का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में संपन्न हुआ, जहां प्रदेश के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक भगवानदास सबनानी, रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यती, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, पूर्व सांसद आलोक संजर, ननि अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पूर्व ओलंपियन समीर दाद सहित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में विजेता, उपविजेता रहे खिलाड़ियों को ट्राफी, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद शर्मा ने कहा कि ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से और आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। वर्ष 2030 में भारत में कामनवेल्थ गेम्स होने हैं। युवा खिलाड़ी इसकी तैयारी अभी से करें।



### पुरस्कार पाकर खिल उठे विजेताओं के चेहरे

सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि भोपाल लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत 76 हजार प्रतिभागियों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया था। सीहोर और बैरसिया ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों के उत्साह और प्रदर्शन ने युवाओं में ऊर्जा भर दी। एक ओर जहां कुश्ती और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल की प्रतिभाएं निकल कर आई हैं वहीं क्रिकेट, एथलेटिक्स, बैडमिंटन फुटवाल और हॉकी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। गोविंदपुरा, हुजूर, मध्य, दक्षिण-पश्चिम, नरेला और उत्तर विधानसभा में स्कूल स्तर, ब्लाक स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं का प्रदर्शन जोरदार रहा।

### तीन स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत भोपाल में 24 सितंबर को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था। उसके बाद तीन महीने तक तीन स्तर की प्रतियोगिताएं ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर और लोकसभा स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने मध्य विधानसभा क्षेत्र के ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया।

### पीएम के विजन से जुड़े करोड़ों युवा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन सांसद खेल महोत्सव से देशभर के करोड़ों युवा जुड़ चुके हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तो खेलों को लेकर बच्चों के माता-पिता और समाज की भी सोच बदल रही है। 'जेन जी' का खेलों के प्रति लगाव देश की ताकत बनेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने के कई अवसर हैं। फिट इंडिया, स्कूल गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स के साथ-साथ सांसद खेल महोत्सव में युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने के मौके मिल रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930